हरिभूमि

# रायपुर भूमि

रायपुर, रविवार 21 सितंबर 2025


तापमान

अधिकतम 35.0 डिग्री

न्यूनतम 26.3 डिग्री


14 प्रदेश में 46 लाख सदस्य सस्पेक्टेड तीन साल ...





16 संरक्षित राजकीय पशु वनभैंसा के जन्म से ...




## खबर संक्षेप

### मार्केटिंग कंपनी में मेंबरशिप देने के नाम पर ठगी, दो गिरफ्तार

**रायपुर।** न्यू राजेंद्रनगर पुलिस ने ठगी के मामले में एक युवक और एक युवती को गिरफ्तार किया है। प्रार्थी वीरेंद्र बघेल निवासी कचना खम्हारडीह ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि रिल इंडिया मार्केटिंग प्रा.लि.- वेलकोनिक प्रा.लि. के डायरेक्टर हिरदेश सिंह तोमर, मैनेजर मोनाली बाघमारे, प्रशांत कुमार सनोडिया ने वीरेंद्र को कंपनी का मेंबरशिप लेने पर कंपनी प्रतिमाह 22 हजार रुपए देगी, साथ ही रहने के लिये आवास एवं खाने की सुविधा प्रदान करेगी। आरोपियों ने वीरेंद्र सहित अन्य लोगों को कंपनी की मेंबरशिप दिलाने के नाम पर सभी से कुल एक लाख 2 हजार 480 रुपए ले लिए, लेकिन मेंबरशिप नहीं दिलाकर धोखाधड़ी की। पुलिस ने मामले में मोनाली बाघमारे 26 वर्ष तथा प्रशांत कुमार सनोडिया 24 वर्ष को गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश कर जेल भेज दिया है। दोनों आरोपी निवासी पानी टंकी के पास अमलीडीह रायपुर के रहने वाले हैं। इन आरोपियों का तीसरा साथी हिरदेश सिंह तोमर निवासी दिल्ली अभी फरार है, जिसकी तलाश जारी है।

### गांजा तस्करी करते पांच गिरफ्तार



**रायपुर।** गंज पुलिस ने शहर के नर्मदा पारा स्थित एक होटल में छापा मारकर 5 गांजा तस्करों को गिरफ्तार किया है। इनमें दो नाबालिग एवं दो महिला शामिल हैं। सभी गांजा तस्कर होटल के एक कमरे में ठहरे हुए थे। इसकी सूचना मिलने पर पुलिस ने 19 सितंबर की रात को इस होटल के कमरे में छापा मारा और यहां से 15 किलो 100 ग्राम गांजा बरामद किया, जिसकी कीमत डेढ़ लाख रुपए है। गांजा को बैग में छिपाकर रखा गया था। पूछताछ पर आरोपियों ने अपना नाम जितेंद्र कश्यप 27 साल निवासी ग्राम सादलपुर राजगढ़ थाना जिला चुरू, अस्मिता विजय ठाकुर 35 वर्ष निवासी कोलौवडा सेक्टर 28 थाना पेथापुर जिला गांधीनगर (गुजरात) एवं अम्बिका विजय परमार 45 वर्ष निवासी मोड़ासा थाना टिनटोई जिला अरोली अहमदाबाद बताया। इस मामले में आरोपियों के विरुद्ध धारा 20बी नारकोटिक एक्ट के तहत अपराध पंजीबद्ध किया है।

### संपत्ति विवाद पर मारपीट, केस दर्ज

**रायपुर।** खमतराई पुलिस ने संपत्ति विवाद पर मारपीट का मामला दर्ज किया है। प्रार्थी पूनाराम साहू ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी संतोष साहू, विनय एवं भावेश ने संपत्ति विवाद पर उसके साथ हाथ-मुक्का एवं पाइप से मारपीट की है, जिससे उसे चोटें आई हैं। पुलिस ने मामले में आरोपियों के विरुद्ध 296,115-2, 351-2,3-5 बीएनएस के तहत अपराध पंजीबद्ध किया है।

### दुर्ग और रायपुर के निजी अस्पतालों में जांच, ब्लाकिंग, चिकित्सकीय स्टाफ पर तैयार हुई रिपोर्ट

# छत्तीसगढ़ ही नहीं ओडिशा और एमपी के 'आयुष्मान' मरीजों के इलाज में भी गड़बड़झाला

*निजी अस्पतालों में आयुष्मान स्वास्थ्य योजना में छत्तीसगढ़ ही नहीं, ओडिशा और मध्यप्रदेश के मरीजों के इलाज में भी गड़बड़झाला किया जा रहा है। शिकायत सामने आई है कि कुछ अस्पतालों द्वारा वहां के मरीजों के इलाज के नाम पर गलत पैकेज ब्लॉक किया गया था। इस मामले में ओडिशा की टीम ने दुर्ग और रायपुर के कुछ अस्पतालों में जाकर अपनी जांच कर ली है और एमपी की टीम आने की तैयारी में है। जांच टीम द्वारा ब्लाकिंग पैकेज के अलावा चिकित्सकीय स्टाफ और अस्पताल में मौजूद सुविधाओं के बारे में भी जानकारी ली गई है।*

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

हरिभूमि लगातार

आयुष्मान स्वास्थ्य सहायता योजना के हितग्राहियों के इलाज में फ्राड क्लेम के मामले में छत्तीसगढ़ चौथे स्थान पर है। विभागीय व्यवस्था दुरुस्त नहीं होने की वजह से इस गड़बड़ी पर पूरी तरह लगाम नहीं लग पा रही है। राज्य में इस योजना के हितग्राहियों के इलाज के दौरान गलत पैकेज की ब्लाकिंग अथवा अतिरिक्त राशि लिए जाने की शिकायत सामने आती रहती है। इसके साथ ही पड़ोसी राज्यों से इलाज के लिए यहां आने वाले मरीजों को भी नहीं बख्शा जा रहा है।

सूत्रों के मुताबिक राज्य के कुछ अस्पतालों में ओडिशा के साथ मध्यप्रदेश के आयुष्मान हितग्राहियों के इलाज के नाम पर काफी संख्या ब्लाकिंग हुई है। इसमें इस बात का संदेह भी है कि कई मरीजों को जरूरत के बिना भी गंभीर बीमारियों का इलाज किए जाने का दावा किया गया है। इस आधार पर कुछ दिन पहले ओडिशा की जांच टीम ने राजधानी की दो और दुर्ग के एक निजी अस्पताल में जाकर जांच की है। वहां इलाज के लिए पहुंचे मरीजों और की गई ब्लाकिंग के साथ योजना में इंपैनल्ड होने निर्धारित नियमों के साथ मौजूदा चिकित्सकीय स्टाफ तथा अन्य संसाधनों के बारे में जानकारी लेकर गई है। सूत्रों का कहना है कि आने वाले दिनों में मध्यप्रदेश की टीम भी छत्तीसगढ़ आने वाली है जो आयुष्मान योजना की राज्य स्तरीय टीम के साथ मिलकर अपनी जांच करेगी।



- पड़ोसी राज्यों से इलाज के लिए यहां आने वाले मरीजों को भी नहीं बख्शा जा रहा
- मध्यप्रदेश की टीम भी छत्तीसगढ़ आने वाली है जो आयुष्मान योजना की राज्य स्तरीय टीम के साथ मिलकर अपनी जांच करेगी



आयुष्मान स्वास्थ्य योजना का ऑडिट दो माह से अटका निजी अस्पतालों से आ रहे उपचार के धड़ाधड़ क्लेम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

शहरी वीरनारायण सिंह आयुष्मान स्वास्थ्य सहायता योजना के हितग्राहियों के निजी अस्पताल में उपचार के ऑडिट का काम पिछले दो महीने से अटक गया है। इसकी वजह से स्टेट नोडल एजेंसी के पास इलाज संबंधी क्लेम धड़ाधड़ भुगतान के लिए पहुंच रहे हैं। टीपीए कंपनी अपनी टीम के साथ मरीजों के वास्तविक इलाज का निरीक्षण करती है। पुरानी टीपीए कंपनी का काम 30 अप्रैल को समाप्त हो चुका है और नयी से अनुबंध की प्रक्रिया अभी शुरू नहीं हो पाई है। प्रदेश में लोगों निशुल्क उपचार की सुविधा देने के लिए स्वास्थ्य सहायता योजना का संचालन किया जाता है। इसके तहत पंजीकृत करीब 13 सौ अस्पतालों में हितग्राहियों को इलाज की सुविधा दी जाती है। निजी अस्पतालों में उपचार व्यवस्था की निगरानी करने का काम स्टेट नोडल एजेंसी द्वारा अनुबंधित कंपनी द्वारा कराया जाता है। कंपनी अपने डाक्टरों की तैनाती पंजीकृत अस्पताल में करती है, जो मरीजों की जरूरत के हिसाब से उपचार का ऑडिट करती है। सूत्रों का कहना है कि इस ऑडिट प्रक्रिया में अस्पतालों के माध्यम से किए जाने वाले फर्जी क्लेम पर विराम लगता है। पिछले दो माह से यह ऑडिट का काम अटका हुआ है, क्योंकि पुरानी कंपनी एफएचपीएल का टेंडर अनुबंध 30 अप्रैल को समाप्त हो चुका है। जानकार लोगों का कहना है कि ऑडिट नहीं होने की वजह निजी अस्पतालों द्वारा अंधाधुंध तरीके से क्लेम राशि भुगतान के लिए स्टेट नोडल एजेंसी को भेजा जा रहा है।

आयुष्मान कार्ड

तीन साल अनुभवी एमबीबीएस डाक्टर जरूरी

सूत्रों के अनुसार स्वास्थ्य सहायता योजना में टीपीए कंपनी अच्छे खर्च पर तीन साल अनुभवी एमबीबीएस डाक्टर की व्यवस्था करती है। डाक्टरों को मरीज के उपचार की पूरी प्रक्रिया की जानकारी होना आवश्यक है। कुछ समय पहले अनुबंधित डाक्टरों को ऑडिट की जिम्मेदारी दे दी गई थी क्लेम रिजेक्शन की भारी संख्या के बाद काफी बवाल मचा था और कंपनी को इन डाक्टरों को हटाना पड़ गया था। अभी ऑडिट का काम नहीं होने की वजह से योजना से जुड़े अधिकारियों की परेशानी बढ़ती जा रही है।



कम डाक्टर वाले छोटे प्राइवेट अस्पतालों से लाखों का क्लेम, इनपुट के आधार पर जांच टीम सक्रिय

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

एमबीबीएस डाक्टर और नर्सिंग स्टाफ की पर्याप्त संख्या नहीं होने के बाद भी बड़ी संख्या में आयुष्मान हितग्राहियों का इलाज कर लाखों का क्लेम करने के इनपुट के आधार स्वास्थ्य विभाग की टीम जांच के लिए सक्रिय हुई है। आंबेडकर अस्पताल से आने वाले क्लेम से तुलनात्मक अध्ययन करने के बाद निजी अस्पतालों में जाकर किए गए इलाज के दस्तावेज खंगाले जा रहे हैं।

- आयुष्मान स्वास्थ्य सहायता योजना, निजी हास्पिटलों में पहुंच रही इंवेस्टीगेशन टीम

आयुष्मान स्वास्थ्य सहायता योजना का बजट पहले 1200 करोड़ था, जिसे बढ़ाकर 1500 करोड़ किया गया है, जिसे भी कम माना जा रहा है, क्योंकि निजी अस्पतालों द्वारा बड़ी संख्या में मरीजों के इलाज के दावे किए जाते हैं। सरकारी की तुलना में निजी अस्पताल के क्लेम वाले बड़े अंतर को ध्यान में रखते हुए इसे जांच का हिस्सा बनाया गया है। इसकी वास्तविकता जानने स्वास्थ्य विभाग की टीम द्वारा इसके लिए विभिन्न निजी अस्पतालों में जाकर किए गए क्लेम से संबंधित दस्तावेजों की जांच की जा रही है। साथ इस बात की पुष्टि भी की जा रही है कि उनके द्वारा योजना में इंपैनल्ड होने के दौरान तय किए गए नियम का पालन किया जा रहा है अथवा नहीं। सूत्रों के अनुसार जांच में इस तरह की बात सामने आ रही है कि ज्यादातर निजी अस्पतालों द्वारा एमबीबीएस डाक्टर, नर्सिंग स्टाफ रखने में गंभीरता नहीं दिखाई जा रही है। उनके द्वारा एमबीबीएस के बजाए बीएएमएस डाक्टरों द्वारा काम चलाया जा रहा है। वहीं नर्सिंग स्टाफ के लिए भी निर्धारित योग्यता का

इस तरह की शिकायत ज्यादा

नियम के मुताबिक योजना में शामिल अस्पतालों में 20 बेड के हास्पिटल में एक टाइम में एक एमबीबीएस डॉक्टर यानी दिनभर में तीन तथा 6 बेड में जनरल वार्ड में एक नर्स यानी दिनभर के लिए तीन नर्सिंग स्टाफ होना जरूरी है। सूत्रों के अनुसार ज्यादातर अस्पतालों द्वारा इस नियम का पालन नहीं किया जाता। डाक्टरों के रूप में आरएमए अथवा बीएएमएस की ड्यूटी लगाई जाती है जो नियम के विपरीत है।

गड़बड़ी मिलने पर कार्रवाई

### टीपीए एजेंसी तय करने फिर टेंडर

चार महीने तक चली प्रक्रिया के बाद एजेंसियों के सामने नहीं आने के कारण स्थगित टीपीए एजेंसी तय करने के लिए टेंडर प्रक्रिया पुनः शुरू कर दी गई है। जेम पोर्टल के माध्यम से इसके लिए 18 अक्टूबर तक एजेंसियों से आवेदन मंगाया जा रहा है। वर्तमान में आयुष्मान योजना में क्लेम ऑडिट का काम जिला स्तर के कर्मचारियों द्वारा किया जा रहा है। इसमें भारी गड़बड़ी की शिकायत भी सामने आ रही है। इसकी वजह नॉन मेडिको कर्मचारियों द्वारा ऑडिट किए जाने के साथ लेनदेन जैसी शिकायत भी निजी अस्पतालों द्वारा की जा रही है। आयुष्मान योजना के अंतर्गत इलाज कराने वाले मरीजों के क्लेम प्रोसेसिंग के लिए एजेंसी तय की जाती है।

### दो महीने इलाज, फिर भी मौत

पिछले दिनों रायपुर के एक निजी अस्पताल में आयुष्मान योजना के मरीज का दो महीने इलाज के बाद भी मौत हो गई। उपचार अवधि के दौरान मरीज के परिजनों से दो लाख रुपये अतिरिक्त वसूल लिया। परिजनों ने इसके बाद और रुपये देने से इनकार किया, तो सरकारी अस्पताल रेफर किया, जहां उसकी मृत्यु हो गई। अस्पताल ने परिजनों को बिल देने से भी मना कर दिया था। इसके बाद स्थानीय छत्तीसगढ़िया क्रांति सेना ने डीडी नगर थाने में अस्पताल प्रबंधन के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई थी।

### युवा कांग्रेसियों के खिलाफ शासकीय कार्य में बाधा के साथ एट्रोसिटी एक्ट के तहत अपराध दर्ज

# खेल संचालनालय, कोचिंग सेंटर में हंगामा, युवक कांग्रेस के साथ छात्र नेताओं के खिलाफ अपराध दर्ज





हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

खेल संचालनालय तथा कोचिंग इंस्टिट्यूट में प्रदर्शन करने वाले युवा कांग्रेस के साथ एनएसयूआई के नेताओं के खिलाफ पुलिस ने अपराध दर्ज किया है। खेल संचनालय में प्रदर्शन करने वाले युवा कांग्रेस के नेताओं के खिलाफ सरस्वती नगर थाने की पुलिस ने बीएनएस की धारा 3(2) (वीए), 132 तथा 221 के तहत अपराध दर्ज किया है।

पुलिस के अनुसार शुक्रवार को युवा कांग्रेस के प्रदेश महासचिव भावेश शुक्ला अपने साथियों के साथ खेल संचालनालय प्रदर्शन करने पहुंचे थे। वहां युवक कांग्रेस सदस्य महिला अफसर को ज्ञापन देने के लिए पहुंचे। इस दौरान युवक कांग्रेस कार्यकर्ता हंगामा करने लगे। इस बीच विवाद की स्थिति निर्मित हो गई। इसके चलते महिला अफसर को नंगे पैर अपने केबिन से जाना पड़ा। महिला अफसर की शिकायत पर पुलिस ने युवा कांग्रेस नेताओं के खिलाफ एट्रोसिटी एक्ट सहित अन्य धाराओं में अपराध दर्ज किया है।

### छात्र नेताओं के खिलाफ थाने में शिकायत



*सुंदर नगर में गजानन एजूकेशन कोचिंग इंस्टिट्यूट संचालित करने वाले जगदीश प्रसाद बांधव ने छात्र नेता प्रशांत गोस्वामी, प्रशांत चंद्राकर सहित अन्य छात्र नेताओं के खिलाफ डीडीनगर थाने में शिकायत दर्ज कराई है। कोचिंग सेंटर संचालक ने छात्र नेताओं के खिलाफ आरोप लगाया है कि उन लोगों ने शुक्रवार दोपहर उनके ऑफिस में जबरन घुसकर कोचिंग सेंटर में तोड़फोड़ की है। साथ ही कार्यालय की दीवारों पर काला पेंट लगा दिया है। कोचिंग सेंटर संचालक ने छात्र नेताओं पर स्टाफ के साथ बदसलूकी करने का आरोप लगाया है।*

# वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम नहीं लगाया 301 भवन स्वामियों के 1 करोड़ से अधिक की एफडीआर राशि राजसात

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम लगवाने में लापरवाही बरतने वाले भवन स्वामियों के खिलाफ रायपुर नगर निगम ने कड़ाई बरतनी शुरू कर दी है। जोन 9 क्षेत्र के वार्डों में 2012 से 2017 के बीच भवन निर्माण अनुज्ञा के लिए 301 भवन स्वामियों ने सुरक्षा निधि की राशि जमा करवाई, पर निर्धारित समय के बाद भी उन्होंने अपने भवन व संस्थानों में रेनवाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम नहीं लगवाया। नियम की अनदेखी करने पर जोन कमिश्नरी ने इनके द्वारा जमा कराई गई 1 करोड़ 4 लाख 1623 रुपये की सुरक्षा निधि राशि को राजसात कर लिया है। अब राजसात की गई राशि का उपयोग इन भवनों और संस्थानों में रैन वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम स्थापित करने के लिए किया जायेगा।

- 2012 से 2017 की अवधि में वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम लगाने जमा करवाई राशि



दरअसल, शहर में भूजल वर्षा संरक्षण को प्रोत्साहित करने नगर निगम अब वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम पर जोर दे रहा है। नियम अनुसार 1,500 वर्गफीट से अधिक क्षेत्रफल वाले सभी भवन चाहे वे आवासीय, व्यावसायिक या शासकीय हों, उसमें रैन वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम लगाना अनिवार्य है। भवन निर्माण अनुज्ञा के समय भूखंड के आकार के आधार पर 15 हजार रुपये तक की सुरक्षा राशि एफडीआर के रूप में रैन वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम लगाने जमा कराना अनिवार्य है। प्रावधान ये है कि सिस्टम स्थापित होने और सत्यापन के बाद यह राशि नगर निगम द्वारा वापस की जाती है। नियम अनुसार आवेदक को अपने भवन अथवा संस्थान निर्माण के दौरान वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम लगाने के बाद नगर निगम को इसकी सूचना देते हुए आवेदन करना होता है। आवेदन मिलने के बाद निगम के अधिकारी स्थल पर जाकर इसका प्रत्यक्ष निरीक्षण कर जियो टैगिंग के साथ फोटो सत्यापित करते हैं, पर इस नियम की अनदेखी हो रही है। इसके कारण नगर निगम के दस जोन में 18 करोड़ से अधिक की एफडीआर राशि डंप है।

### राशि इसलिए की राजसात

इसी कड़ी में जोन 9 नगर निवेश विभाग ने ने शनिवार को निगम आयुक्त विश्वदीप के निर्देश पर 301 भवन स्वामियों के द्वारा भवन निर्माण अनुज्ञा के समय जमा सुरक्षा राशि को राजसात किया है। जोन कमिश्नर संतोष पांडे के मुताबिक बंधित भवन स्वामियों के द्वारा निर्धारित समय अवधि के बाद भी अपनी भूमि, भवन पर रेनवाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम नहीं लगावाया गया है। इसीलिये इनके द्वारा जमा कराई गई एफडीआर की राशि को राजसात की गई है।


### दक्षिण-पश्चिम मानसून अपनी धीमी रफ्तार से लौट रहा

धीमे-धीमे सिमट रहा मानसून प्रदेश में अभी 15-20 दिन का वक्त

# उमस भरी गर्मी ने कर दिया हलाकान चार दिन बाद ही बारिश के आसार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

बारिश की गतिविधि कम होने और वातावरण में मौजूद नमी की वजह से दिन के साथ रात में भी उमस भरी गर्मी ने लोगों को हलाकान कर दिया है। उमस के साथ दिन की तेज धूप परेशानी और बढ़ा रही है। सिस्टम बनने की वजह से प्रदेश में चार दिन बाद ही बारिश की गतिविधि बनने के आसार हैं। दक्षिण-पश्चिम मानसून अपनी धीमी रफ्तार से लौट रहा है और प्रदेश से इसकी वापसी में 15-20 दिन का वक्त लगने की संभावना है। राज्य में सीजन की बारिश का कोटा पूरा हो चुका है।



राज्य में अभी व्यापक रूप से बारिश नहीं हो रही है, मगर अलग-अलग क्षेत्रों में बादल बरसकर मानसून की मौजूदगी का अहसास करा रहे हैं। पिछले तीन-चार दिनों से उमस भरी गर्मी ने लोगों को हलाकान कर दिया है। दिन में तेज धूप के साथ चिपचिपी गर्मी रात में भी अपना असर दिखा रही है। मौसम विशेषज्ञों का कहना है, इस बार पर्याप्त मात्रा में बारिश हुई है, जिसकी वजह से वातावरण में काफी मात्रा में नमी मौजूद है, जो बादल छंटने पर काफी लोगों की दिक्कतों का कारण बन रही है। शनिवार को भी इस चिपचिपी गर्मी ने लोगों को काफी परेशान किया और अगले चार दिन इसी तरह की स्थिति रहने के आसार हैं। इसके बाद बंगाल की खाड़ी में बनने वाले निम्न दाब के क्षेत्र से दक्षिणी हिस्से में बारिश के आसार हैं। शनिवार को रायपुर का अधिकतम तापमान 35 डिग्री सेल्सियस रहा, जो राज्य में सबसे अधिक था। पिछले चौबीस घंटे में बिलाईगढ़ में 3 सेमी. बारिश दर्ज की गई।

### सामान्य वर्षा से महज 34 मिमी. कम

*राज्य में इस सीजन में अब तक 1061 मिमी. बारिश हुई है, जो सामान्य वर्षा से महज 34 मिमी. कम है। राज्य में बारिश के तीन महीने यानी जून से सितंबर के बीच राज्य में औसतन 11 मिमी. वर्षा होती है। रायपुर जिले में 894 मिमी. सामान्य से 79 मिमी. कम वर्षा हुई है।*




# अंतिम 12 घंटे

SAVE

UN-LIMITED

**UP TO 50 % LESS**

प्रदेश का सर्वाधिक विश्वसनीय सेल जहाँ पर आप सुप्रसिद्ध मिलों की सूटिंग्स, शर्टिंग्स, साड़ियाँ, मैचिंग्स ड्रेस मटेरियल्स, सलवार सूट्स, बेड शीट्स, टॉवेल, नेपकीन आदि पर 50% तक छूट प्राप्त कर सकते हैं।

**OPEN TODAY**

# महेन्द्र कम्पनी मोदी सन्स

मालवीय रोड, रायपुर (छ.ग.) फोन: 4049406/7/8

Design by DAD 4099504

## खबर संक्षेप



### शिविर में महिलाओं और बालिकाओं का उपचार

**तरपोंगी।** प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र खैरखूँट में 17 सितंबर से 2 अक्टूबर तक स्वस्थ नारी सशक्त परिवार के तहत कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम का शुभारंभ क्षेत्र के जनपद सदस्य देवेंद्र वर्मा, ग्राम के सरपंच यशोदा साहू ने किया। वृहद स्तर पर महिलाओं, गर्भवती माता, सभी किशोरी बालिकाओं को विशेष रूप से स्वास्थ्य लाभ पहुंचाने के लिए आयुष्मान आरोग्य मंदिर व आयुष विभाग के चिकित्सक व उनके स्टाफ के द्वारा संयुक्त रूप से स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। शिविर के माध्यम से रक्तचाप, मधुमेह, सिकल सेल, स्वस्थ जीवन शैली परामर्श, योग एवं मेडिटेशन, आयुर्वेद रसायन प्रकृति परीक्षण एवं विभिन्न विषयों के ब्रोसर पम्पलेट वितरण किया गया।

### सिंगल यूज प्लास्टिक का उपयोग न करें : पालिका



**तिल्दा नेवरा।** नगर पालिका तिल्दा नेवरा द्वारा स्वच्छता ही सेवा 2025 और रजत जयंती के अवसर पर नगर में जन जागरूकता स्वच्छता रैली निकाली गई जिसमें आम नागरिकों से सिंगल यूज प्लास्टिक प्रतिबंध और उपयोग नहीं करने की अपील की गई, उक्त जन जागरूकता स्वच्छता रैली नगर के मुख्य मार्ग पर व विभिन्न वार्डों में निकाली गई। इस अवसर पर नगर पालिका अध्यक्ष चंद्रकला डॉक्टर खुमान वर्मा, मुख्य नगर पालिका अधिकारी अनीश ठाकुर, उप अभियंता शिवाजी जाधव , पार्षद गण , अधिकारी गण, स्वच्छता दीदियां आदि उपस्थित रहे।

### बैठक सतनामी समिति की चुनाव प्रक्रिया पर निर्णय

**मंदिर हसौद।** सतनामी उत्थान एवं जाग्रति समिति का बैठक 20 सितंबर को दोंदे कला स्थित प्रदेश कार्यालय में आयोजित किया गया था। जहां पूरे प्रदेश भर में संगठन के विस्तार के लिए सदस्यता अभियान चला कर सदस्यों का अंतिम सदस्यता सूची जारी कर चुनाव प्रक्रिया को अंतिम रूप दिया जाएगा। जो आगामी अक्टूबर माह में प्रदेश स्तरीय पदाधिकारियो का चुनाव होना है।

## निधन

### रामप्रसाद साहू

**आरंग।** शनिवार को ग्राम चरौदा निवासी रामप्रसाद साहू (80)का निधन हो गया। वह ग्राम के वरिष्ठ बुजुर्ग व घनाराम, तुलाराम, बालाराम, भोजराम, बीरेलाल साहू के पिता थे। उनके अंतिम संस्कार में बड़ी संख्या में ग्रामीण शामिल हुए।



# केंद्रीय मंत्री अन्नपूर्णा देवी से पर्यवेक्षण संघ ने की भेंट, समस्याओं पर हुई चर्चा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| आरंग



महिला एवं बाल विकास विभाग पर्यवेक्षक कल्याण संघ का प्रतिनिधि मंडल बुधवार को पर्यवेक्ष संघ के प्रदेशाध्यक्ष ऋतु परिहार के नेतृत्व में केंद्रीय मंत्री महिला एवं बाल विकास अन्नपूर्णा देवी से सौजन्य भेंट किया। इस अवसर पर प्रदेश की महिला एवं बाल विकास मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े तथा प्रदेश बाल संरक्षण आयोग की अध्यक्ष वर्णिका शर्मा भी उपस्थित रहीं। संघ पदाधिकारियों ने महिला एवं बाल विकास विभाग में कार्यरत पर्यवेक्षकों की भूमिका, समस्याओं और सेवा हितों से जुड़े मुद्दों पर चर्चा की। साथ ही विभागीय योजनाओं को ज़मीनी स्तर तक बेहतर ढंग से पहुँचाने में पर्यवेक्षकों की सक्रिय भागीदारी को रेखांकित किया। प्रदेश मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े ने भी पर्यवेक्षकों की मेहनत और सेवाभाव की सराहना की। वहीं, बाल संरक्षण आयोग की अध्यक्ष वर्णिका शर्मा ने बाल अधिकारों और संरक्षण योजनाओं के सफल क्रियान्वयन में विभागीय पर्यवेक्षकों को मुख्य कड़ी बताया। विभागीय सचिव शम्मी आबिदी के द्वारा भी सदैव ही पर्यवेक्षकों के कार्यों की सराहना की जाती है। केंद्रीय संचालक मोनिका सिंह ने संघ के प्रतिनिधियों से कहा कि महिला एवं बाल विकास विभाग की योजनाएँ समाज के सबसे निचले तबके तक पहुँचें, इसके लिए पर्यवेक्षकों की भूमिका बेहद महत्वपूर्ण है। उन्होंने संघ की मांगों और सुझावों को गंभीरता से सुना और सकारात्मक पहल का आश्वासन दिया। संघ के पदाधिकारियों ने सौजन्य मुलाकात का अवसर देने के लिए सभी जनप्तिनिधियों का आभार व्यक्त किया।

**सम्मेलन :** प्रबुद्ध जन सम्मेलन में विधायक अनुज और खनिज निगम अध्यक्ष सौरभ हुए शामिल

# भाजपा सेवा पखवाड़े में इंजीनियर डाक्टर्स और वकीलों का सम्मान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| धरसींवा

भारतीय जनता पार्टी धरसींवा मंडल द्वारा सेवा पखवाड़ा के अंतर्गत 20 सितंबर को खनिज विकास निगम अध्यक्ष श्री शौरभ सिंह व धरसींवा विधायक अनुज शर्मा की गरिमामय उपस्थिति में एक विशेष 'प्रबुद्ध जन सम्मेलन' का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम शनिवार दोपहर 12 बजे धरसींवा विधायक कार्यालय में संपन्न हुआ, जिसमें समाज के विभिन्न क्षेत्रों से जुड़े बुद्धिजीवी और गणमान्य नागरिक शामिल हुए। इस सम्मेलन में बूथ अध्यक्षों, शक्ति केंद्र प्रभारियों, जोन अध्यक्षों और मंडल के सभी पदाधिकारियों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। उनके प्रयासों से वकील, शिक्षक, डॉक्टर, इंजीनियर, सेवानिवृत्त अधिकारी और अन्य विशिष्ट व्यक्ति बड़ी संख्या में कार्यक्रम में उपस्थित हुए व सभी का आत्मीय सम्मान किया गया।

■ सेवा पखवाड़ा के माध्यम से समाज के हर वर्ग तक पहुंचने का प्रयास



इस अवसर पर विधायक अनुज शर्मा ने प्रबुद्ध जन सम्मेलन' को संबोधित करते हुए कहा कि यह आयोजन सिर्फ एक कार्यक्रम नहीं, बल्कि समाज के उन स्तंभों के साथ सीधा संवाद स्थापित करने का एक मंच है, जिन पर हमारे समाज की नींव टिकी है। श्री शर्मा ने आगे कहा, /"सेवा पखवाड़ा के माध्यम से हम समाज के हर वर्ग तक पहुंचने का प्रयास कर रहे हैं। आज हमारे बीच वकील, शिक्षक, डॉक्टर, इंजीनियर और अन्य सम्मानित प्रबुद्धजन उपस्थित हैं। यह हमारे लिए गर्व का विषय है।/" उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि समाज के इन बुद्धिजीवियों की भागीदारी से ही हम एक सशक्त और जागरूक समाज का निर्माण कर सकते हैं। मुख्यातिथि श्री सौरभ सिंह ने सभी से आग्रह किया कि वे समाज में सकारात्मक बदलाव लाने के लिए आगे आएं और देश तथा समाज के विकास में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाएं। श्री सिंह ने कहा, /"आपका अनुभव और ज्ञान हमारे लिए अमूल्य है। हम चाहते हैं कि आप हमारे साथ मिलकर एक ऐसे समाज का निर्माण करें, जहां हर व्यक्ति को समान अवसर मिले और सभी का जीवन खुशहाल हो।/" श्री सिंह ने कार्यक्रम में उपस्थित सभी प्रबुद्धजनों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि उनकी उपस्थिति से यह सम्मेलन सफल हुआ। उन्होंने विश्वास दिलाया कि भविष्य में भी इस तरह के आयोजन होते रहेंगे, ताकि समाज के प्रबुद्ध वर्ग के साथ निरंतर संवाद बना रहे।

**कार्यक्रम में ये हुए शामिल**

कार्यक्रम में जिला ग्रामीण भाजपा अध्यक्ष श्री श्याम नारंग, जिला पंचायत अध्यक्ष श्री नवीन अग्रवाल ,जनपद पंचायत अध्यक्ष श्रीमती शकुंतला सेन सहित भाजपा मंडल धरसींवा के सभी पदाधिकारी व कार्यकर्ता उपस्थित रहे। कार्यक्रम का सफल संचालन पूर्व मण्डल अध्यक्ष डाक्टर के के वर्मा ने किया।

# मूरा स्कूल में बिजली आपूर्ति के लिए एक लाख का दान



हरिभूमि न्यूज ▶▶| तिल्दा नेवरा

ग्रामीण विकास और शिक्षा को सशक्त बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण पहल करते हुए अस्तित्व फाउंडेशन की तरफ से अनुपम मिश्रा दीवान ने मूरा गाँव स्थित हाई स्कूल के अतिरिक्त कक्ष में बिजली पहुंचाने के लिए एक लाख रुपये का उदार दान प्रदान किया है। यह राशि भवन में ट्रांसफॉर्मर एवं विद्युत आपूर्ति व्यवस्था स्थापित करने हेतु दी गई है।

गाँव के स्कूल और सामुदायिक उपयोग के लिए बनाए जा रहे इस अतिरिक्त कक्ष में बिजली व्यवस्था का होना अत्यंत आवश्यक था। बिजली आपूर्ति की कमी के कारण नया स्कूल भवन पिछले तीन वर्षों से उपयोग में नहीं आ सका। अस्तित्व फाउंडेशन के इस सहयोग से न केवल भवन को स्थायी विद्युत सुविधा उपलब्ध होगी बल्कि बच्चों को पढ़ाई के लिए बेहतर वातावरण भी मिल सकेगा।

स्थानीय ग्रामीणों और स्कूल प्रबंधन ने इस सहयोग का स्वागत किया और कहा कि यह पहल गाँव के शैक्षिक और सामाजिक ढांचे को और मजबूत बनाएगी।

कार्यक्रम मे सरपंच कंचन टोकेंद्र गाइकवाड़, उप सरपंच संतोषी वर्मा, एसमसी अध्यक्ष केवरा वर्मा, विधायक प्रतिनिधि पुरषोत्तम साहू,सहित पंच ऊषा वर्मा ,अंजू वर्मा,सरिता वर्मा, सुमन दिवाकर, संतोष साहू,राधेलाल निर्मलकर, सचिव वर्मा , जगदीश वर्मा, शाला से राजकुमार शुक्ल, गुलाब विश्वकर्मा, शैल देवांगन आदि ने उन्होंने फाउंडेशन का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि इस तरह की पहल से ग्रामीण क्षेत्रों के सर्वांगीण विकास में मील का पत्थर साबित होती हैं।



# अभाविप आरंग इकाई की कार्यकारिणी की घोषणा

**आरंग।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद्, आरंग इकाई की नवीन कार्यकारिणी सत्र 2025-26 की घोषणा हुई। जिसमें चुनाव अधिकारी स्वरूप जिला संयोजक भावेश नवरंगे की गरिमामयी उपस्थिति रही, जिन्होंने नवगठित कार्यकारिणी को मार्गदर्शन प्रदान किया। जिला संयोजक भावेश नवरंगे ने बताया की अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद् सदैव छात्र हित, राष्ट्रीय पुर्ननिर्माण एवं सामाजिक उत्तरदायित्व की भावना के साथ पिछले 75 वर्षो से भी अधिक समय से कार्य करता आ रहा है, आरंग की नवीन कार्यकारिणी के माध्यम से यह संकल्प और सशक्त रूप में आगे बढ़ेगा। नवीन सत्र हेतु संगठन में कार्यकर्ताओं को विभिन्न दायित्व प्रदान किए गए जिसमे नगर उपाध्यक्ष मयंक दुबे, नगर मंत्री युवराज सिंह परिहार, नगर सह मंत्री सुमित शर्मा, मोहित निषाद, कार्यालय प्रमुख भावेश बघेल, महाविद्यालय प्रमुख ओम चंद्राकर, महाविद्यालय सह प्रमुख देव सोना, विद्यालय प्रमुख शाश्वत शर्मा, सह विद्यालय प्रमुख कोसिन पाल, एसडीएफ प्रमुख पीयूष पुरेना, किशन साहू, एसएफएस प्रमुख गोपी सोनकर, अविनाश साहू, राष्ट्रीय कला मंच प्रमुख सौम्य शर्मा, आरकेएम सह प्रमुख टिकेश कुमार साहू, सोशल मीडिया प्रमुख अयन सोनी, खेलो भारत प्रमुख गोपेन्द्र कुमार, एग्रीविजन प्रमुख देवा सोनकर, व अन्य कार्यकर्ता कार्यकारिणी सदस्य बने। नव नियुक्त सभी कार्यकर्ताओं को संगठन व नगर के शुभचिंतकों की ओर से शुभकामनाएं प्रेषित की गईं एवं उनसे अपेक्षा व्यक्त की गई कि वे परिषद् के उद्देश्यों, छात्र हितों एवं राष्ट्र पुर्न निर्माण की दिशा में समर्पित भाव से कार्य करेंगे।

# टाउनशिप के लिए भूमि अधिग्रहण किसानों के साथ अन्याय : बंजारे



**मंदिर हसौद।** धरसीवा जनपद पंचायत के पूर्व अध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद बंजारे ने रायपुर विकास प्राधिकरण (आरडीए) द्वारा तुलसी, कचना, पिरदा, लाभांडी और आसपास की ग्राम पंचायतों में प्रस्तावित टाउनशिप के लिए बिना ग्राम पंचायत की सहमति के भूमि अधिग्रहण की मांग का कड़ा विरोध किया। उन्होंने इसे अलोकतांत्रिक, अन्यायपूर्ण और किसानों के अधिकारों का उल्लंघन बताया।

श्री बंजारे ने कहा कि आरडीए ने ग्राम पंचायतों से अनापत्ति प्रमाण पत्र या स्थानीय सहमति लिए बिना यह मांग की, जो पंचायती राज अधिनियम का उल्लंघन है। यह योजना किसानों की पुश्तैनी जमीन छीनेगी, उन्हें भूमिहीन और बेरोजगार करेगी। आरडीए ने न उचित मुआवजे का वादा किया, न वैकल्पिक आजीविका का प्रस्ताव रखा। टाउनशिप से गाँवों की सांस्कृतिक पहचान, पर्यावरण और संसाधनों पर संकट बढ़ेगा।

धरसीवा जनपद पंचायत के पूर्व अध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद बंजारे ने आगे बताया कि कौशल्या माता विहार के किसानों के पिछले अनुभव का जिक्र किया, जहाँ अपर्याप्त मुआवजा और पुनर्वास की कमी से किसान परेशान हैं। कई किसानों ने सुप्रीम कोर्ट तक लड़ाई लड़ी। श्री बंजारे ने मांग की कि बिना ग्राम पंचायत की सहमति के भूमि अधिग्रहण रद्द हो, सार्वजनिक सुनवाई हो, और भूमि अधिग्रहण, पुनर्वास अधिनियम, 2013 का पालन हो। उन्होंने चेतावनी दी कि ग्रामीण एकजुट होकर धरना, रैली और कानूनी कार्रवाई के जरिए विरोध करेंगे। कलेक्टर रायपुर से इस किसान-विरोधी प्रस्ताव को तत्काल रद्द करने की मांग की।

# चार जगह दी दबिश, शराब बरामद, 4 आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| तिल्दा नेवरा



मुखबिर की सूचना पर नेवरा पुलिस ने अलग अलग टीम गठित कर अवैध शराब बिक्री के खिलाफ अभियान चलाकर 4 अलग अलग स्थानों पर छापेमारी कर एक महिला सहित कुल 4 लोगों को पकड़कर अवैध शराब जप्त कर कार्रवाई की गई है।

नेवरा पुलिस ने इंदु आनंद पिता गुगलु आनंद उम्र 33 वर्ष ग्राम भूमिया निवासी से 27 पौव्वा देशी मदिरा मसाला एवं बिक्री रकम 600 रुपए नगद जप्त किया गया। इसी तरह ग्राम जोता में चित्र लेखा वर्मा पति देवचरण से 25 पौव्वा देशी मदिरा मसाला एवं 450 रुपए बिक्री रकम जप्त किया गया, वहीं नागेश निषाद पिता दीपक निषाद 19 वर्ष तिल्दा निवासी के कब्जे से 26 पौव्वा देशी मदिरा मसाला शराब व 300 रुपए नगद बिक्री रकम जप्त किया गया, इसी तरह से पुलिस ने युवराज उर्फ दादू साहू पिता श्रवण साहू 18 वर्ष तिल्दा नेवरा निवासी से 26 पौव्वा देशी मदिरा मसाला शराब व बिक्री रकम 400 रुपए नगद जप्त किया गया। पुलिस ने बताया सभी चारों के खिलाफ अलग अलग आबकारी एक्ट के तहत मामला दर्ज कर लिया गया है। उपरोक्त कार्रवाई निरीक्षक रमाकान्त तिवारी थाना प्रभारी तिल्दा नेवरा के नेतृत्व मे एएसआई शंकर लाल वर्मा , प्रधान आरक्षक राजेश सिकरवार, जालम साहू, सुशील पांडेय तथा आरक्षक संदीप सिंह, मधुसूदन वर्मा, महिला आरक्छक कुमारी किरण वर्मा, प्रज्ञा शर्मा के द्वारा कई स्थानों पर तलाशी अभियान के दौरान उपरोक्त व्यक्तियो को गिरफ्तार कर वैधानिक कार्यवाही किया गया है।

# सृजन की 11 छात्राएं को मिला राज्यपाल पुरस्कार

**आरंग।** सृजन सोनकर विद्या मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय आरंग की छात्राओ ने भारत स्काउट एवं गाइड द्वारा संचालित एक शैक्षिक आंदोलन में भाग लिया। जिसका उद्देश्य युवाओं में नेतृत्व, आत्म निर्भरता और चरित्र निर्माण करना है। जिला शिक्षा अधिकारी हिमांशु भारतीय द्वारा बालाजी विद्या मंदिर देवेंद्र नगर रायपुर मे छत्तीसगढ़ के 162 विद्यार्थियों को प्रशस्ति पत्र से सम्मानित किया गया। जिसमें सृजन विद्यालय के रेणुका पटेल, शैलजा धीवर, खुशबू सोनकर, कंचन साहू, अंजू साहू, समृद्धि पाल को शिक्षा सत्र 2023 -24 के लिए तथा पलक चंद्राकर, मान्या साहू, लीना साहू, खुशबू साहू, श्रद्धा केवट को शिक्षा सत्र 2024-25 के लिए राज्यपाल पुरस्कार से सम्मानित किया गया। विद्यालय की गाइड प्रभारी शिक्षिका मेनका निषाद के मार्गदर्शन में यह प्रशिक्षण सफलतापूर्वक संचालित हुआ। साथ ही भारत स्काउट एवं गाइड रायपुर छत्तीसगढ़ जिला संघ



की ओर से अनुकरणीय एवं उत्कृष्ट कार्य संपादन के लिए स्काउट मास्टर लक्ष्मी नारायण पटेल को शील्ड एवं प्रशस्ति प्रमाण पत्र से सम्मानित किया गया। विद्यालय की प्राचार्य यशोदा योगी ने कहा राज्य पुरस्कार के साथ-साथ राष्ट्रपति पुरस्कार की ओर जाने और शिक्षकों का आशीर्वाद प्राप्त करते हुए उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं की। बच्चों की उपलब्धि पर प्रसन्न होकर विद्यालय के संरक्षण लखन लाल सोनकर, अध्यक्ष छत्रधारी सोनकर, उपाध्यक्ष सियाराम सोनकर, कोषाध्यक्ष देवेन्द्र सोनकर, सचिव सूरज सोनकर, उप सचिव सतीश सोनकर, उप प्राचार्य भारती वर्मा, प्रधान पाठक सोहागा देवांगन ने आशीर्वाद प्रदान किया।

# ग्राम राखी में कैबिनेट मंत्री गुरु खुशवंत ने किया पौधारोपण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| आरंग

शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय राखी में शुक्रवार को "एक पेड़ माँ के नाम" कार्यक्रम का आयोजन हुआ। इस अवसर पर छत्तीसगढ़ शासन के कौशल विकास, तकनीकी शिक्षा एवं रोजगार तथा अनुसूचित जाति विकास विभाग के केबिनेट मंत्री गुरु खुशवंत साहेब ने विद्यालय प्रांगण में वृक्षारोपण कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। शाला नायिका मोनिका साहू एवं शाला उपनायक पियूष टंडन ने मंत्री को बैच पहनाकर स्वागत किया। इस अवसर राखी विद्यालय के प्राचार्य सी.जे. परदेशी, अटलनगर भाजपा मंडल अध्यक्ष टेश्वन बघेल, जिला पंचायत सदस्य भिनु गिदौड़े,



प्रतिनिधि सुजीत गिदौड़े, राखी सरपंच भारती निर्मल रात्रे, शाला प्रबंधन-विकास समिति अध्यक्ष विक्की राज साहू ने मंत्री का अभिनंदन किया। वृक्षारोपण के बाद अपने संक्षिप्त उद्बोधन में मंत्री गुरु खुशवंत साहेब ने कहा कि माँ का आशीर्वाद जीवन को संवारता है, उसी तरह एक पेड़ धरती के जीवन को संवारता है। विद्यार्थी सिर्फ पेड़ लगाएँ ही नहीं, बल्कि उसकी देखभाल को भी अपना कर्तव्य बनाएं। आज लगाया गया पौधा आने वाली पीढ़ियों को शुद्ध वायु और जीवन देगा। समाज के हर वर्ग को पर्यावरण संरक्षण का संकल्प लेना चाहिए। इस अवसर पर इको क्लब प्रभारी पुष्पांजलि बंजारे, मंगला राव सोनटक्के, समिति प्रभारी रेखा साहू, कार्यालय मंत्री (जिला रायपुर ग्रामीण) टी.आर. सोनटक्के, उपाध्यक्ष प्रमोद दुबे, सांसद प्रतिनिधि कृष्णा वर्मा, कुलेश्वर बैस और हीरालाल वैष्णव सहित बड़ी संख्या में गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। विद्यालय परिवार, स्काउट-गाइड, रेडक्रॉस सदस्य और छात्र-छात्राओं के सक्रिय योगदान से कार्यक्रम सफलतापूर्वक संपन्न हुआ।



### छात्र-छात्राओं ने खेल स्पर्धा में दिखाया दम

**आरंग।** माय भारत केन्द्र रायपुर (भारत सरकार) एंव अर्पित तिवारी के मार्गदर्शन पर ग्राम तामासिवनी मे विकास खण्ड स्तरीय खेल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें कबड्डी, दौड 100 मी., 200 मी., रस्सा कसी, गोला फेक, तवा फेक आदि प्रतियोगिता हुई। कबड्डी मे प्रथम अशोका टीम, द्वितीय रमन कबड्डी ग्रुप, तृतीय आर्यन कबड्डी ग्रुप, रस्साकसी मे प्रथम बालिका दुर्गा ग्रुप, द्वितीय कर्तव्य बालिका समूह, तृतीय सार्थक बालिक समूह, गोला फेक मे प्रथम धनेश्वरी, द्वितीय टीना, तृतीय क्षमा, तवा फेक मे प्रथम एयांस, द्वितीय दीपक साहू, तृतीय रूपेस, दौड बालक में प्रथम रूपेश कुमार, द्वितीय दीपक एवं तृतीय अरमान, बालिका मे प्रथम भारती, द्वितीय अंजली, तृतीय उर्वसी साहू रहे।

# प्रांतीय कुश्ती के लिए रायखेड़ा की छात्रा हितु का हुआ चयन

**तिल्दा नेवरा।** छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा खेलो को बढ़ावा देने तथा गांवों में छुपी प्रतिभा को निखारने के उद्देश्य से विभिन्न प्रकार के खेलो का आयोजन किया जा रहा है। इसी कड़ी में इंडोर स्टेडियम धमतरी में 18 सितंबर को आयोजित क्षेत्रीय स्तरीय फ्री स्टाइल कुश्ती प्रतियोगिता में विकासखंड तिल्दा के स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट हिंदी माध्यम रायखेड़ा से कक्षा दसवीं में अध्यनरत कु.हितु वर्मा/पिता बसंत कुमार वर्मा (अंडर -19) का चयन हुआ है। अब यह खिलाड़ी राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में प्रतिनिधित्व करेंगे।विद्यालय के छात्रा के चयन होने पर शाला विकास एवं प्रबंधन समिति के अध्यक्ष श्री डोगेंद्र नायक (पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष तिल्दा नेवरा), दिनेश वर्मा (सरपंच ग्राम पंचायत रायखेड़ा)देवव्रत नायक( पूर्व जनपद अध्यक्ष तिल्दा नेवरा) चंद्रशेखर नायक, भोज राम धीवर उप सरपंच,प्रभारी प्राचार्य गजेंद्र कुमार वर्मा, व्याख्याता श्री जितेंद्र कुमार वर्मा, स्मृति दबडघाव, ज्योति कश्यप,मोती सिंह ध्रुव,सरिता वर्मा, निक्की अग्रवाल, नीलम वर्मा, श्रुचि पांडे, अन्नू वर्मा,एवं शिक्षकों ने उसके भविष्य की कामना की है।व्यायाम शिक्षिका गीतांजलि मरकाम के मार्गदर्शन में प्रतिदिन ये खिलाड़ी अभ्यास करते है।



# दिनभर चलता रहा एनएचएम कर्मचारियों की ज्वाइनिंग का दौर, सोमवार से आबाद होंगे छोटे सरकारी अस्पताल

हरिभूमि न्यूज ▸▸ रायपुर

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय और स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल के सामने महीनेभर चली हड़ताल स्थगित करने वाले एनएचएम के संविदा स्वास्थ्य कर्मचारी शनिवार को सीएमएचओ कार्यालय में ज्वाइनिंग देते रहे। शासकीय प्रक्रिया पूरी होने के बाद सोमवार से राजधानी समेत प्रदेशभर के छोटे सरकारी अस्पताल चिकित्सीय स्टाफ और मरीज से आबाद हो जाएंगे। शनिवार को हमर क्लीनिक में ताले लगे रहे और सीएचसी, जिला अस्पताल में नियमित स्टाफ इलाज करता रहा। महीनेभर से आवश्यक दवा और मामूली इलाज के लिए बड़े अस्पताल का चक्कर लगाने वाले मरीजों को सोमवार से राहत मिलने की उम्मीद है। संविदा स्वास्थ्य कर्मचारियों ने शुक्रवार को अपनी हड़ताल स्थगित कर दी थी, मगर उनके वापस ज्वाइनिंग की शासकीय प्रक्रिया पूरी नहीं होने के कारण शनिवार को स्वास्थ्य सेवा पूरी तरह बहाल नहीं हो पाई। हमर क्लीनिक में महीनेभर से लगे ताले नहीं खुल पाए और सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र तथा जिला अस्पताल में नियमित स्टाफ द्वारा जांच और इलाज करते रहे। शनिवार को अवकाश होने के बाद भी जिला मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी के कार्यालय में हड़ताल से संविदा कर्मियों के वापस ड्यूटी ज्वाइनिंग की प्रक्रिया पूरी होती रही। रायपुर जिले में करीब डेढ़ हजार संविदा स्वास्थ्य कर्मचारी राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के अंतर्गत सेवा प्रदान करते हैं। उनकी वापसी के बाद पुनः ड्यूटी ज्वाइन करने की सूची तैयार कर पोस्टिंग स्थल पर सोमवार से सेवा देने के निर्देश दिए। जिन इलाकों में कर्मचारियों ने शुक्रवार को ड्यूटी ज्वाइन कर वहां के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों में इलाज व्यवस्था सुचारू हो गई, मगर इनकी संख्या काफी कम रही।


बर्खास्तगी के अल्टीमेटम के बाद हेल्थ के संविदा कर्मचारियों ने तोड़ी महीनेभर की हड़ताल

### बर्खास्तगी भी टली, नोटिस भी शिथिल

हड़ताल अवधि के दौरान स्वास्थ्य विभाग द्वारा दो दर्जन से ज्यादा स्वास्थ्य कर्मचारियों को बर्खास्त कर दिया गया था। उनके काम पर वापस लौटने के बाद उनकी बहाली भी कर दी गई है और जिन कर्मचारियों को एक महीने में सेवा समाप्त करने का नोटिस थमाया गया था उसे भी शिथिल कर दिया गया है। हड़ताल अवधि के दौरान वेतन पर भी आने वाले दिनों में चर्चा की जाएगी।

### वेंटिलेटर पर आ गया था सिस्टम

हड़ताल के कारण पिछले एक महीने से राज्य की स्वास्थ्य व्यवस्था वेंटिलेटर में आ गया था। मरीजों को नियमित ओपीडी जांच और दवा का लाभ नहीं मिल रहा है। वहीं विभिन्न स्वास्थ्य योजना का संचालन भी बाधित हो गया था। शहरी इलाकों में नियमित टीकाकरण के साथ टीबी जैसी बीमारियों की दवा का वितरण भी ठप हो गया। मामूली चोट लगने पर भी मरीजों को मलहम-पट्टी के लिए बड़े अस्पताल अथवा निजी क्लीनिक की राह पकड़नी पड़ती थी। सोमवार से सारा सिस्टम सामान्य होने के आसार हैं।

---

## खबर संक्षेप

### जयस्तंभ चौक पर कीर्तन यात्रा का किया स्वागत

**रायपुर।** गुरु तेगबहादुर सिंह 350वीं शताब्दी कीर्तन यात्रा का राजधानी रायपुर आगमन पर जयस्तंभ चौक में शनिवार को स्वागत किया गया। नगर कीर्तन यात्रा के लिए 30 से अधिक स्थानों पर स्टेज बनाया गया था, जहां पुष्पवर्षा के साथ स्वागत राज्य आंदोलनकारी छसपा, किसान मोर्चा के अध्यक्ष अनिल दुबे, दाऊ जीपी चंद्राकर, जागेश्वर प्रसाद, दीनदयाल वर्मा, लालाराम वर्मा, चेतन देवांगन, वेगेंद्र सोनवेर, महेंद्र कौशिक, छन्नू साहू, नंदकुमार साहू, विमल ताम्रकार, बृजबिहारी साहू, योगेश पात्रे, जगदंबिका साहू, भुवनलाल पटेल, धनाराम साहू, अशोक कश्यप, श्याम राम सेन सहित अन्य समाजों, व्यापारिक संगठनों और राजनीतिक संगठनों द्वारा किया गया।



### पत्रकारिता विश्वविद्यालय का प्रथम एलुमनी मीट आज

**रायपुर।** कुशाभाऊ ठाकरे पत्रकारिता एवं जनसंचार विश्वविद्यालय काठाडीह का छत्तीसगढ़ स्थापना के 25वें वर्ष के उपलक्ष्य में अपना प्रथम एलुमनी मीट 21 सितंबर को होगा। यह कार्यक्रम विश्वविद्यालय परिसर में रखा गया है। यह जानकारी विश्वविद्यालय के प्राध्यापकों ने देते हुए बताया कि इस कार्यक्रम में 2007 से 2025 बैच तक के पूर्व छात्र-छात्राएं शामिल होंगी। साथ ही विश्वविद्यालय के वरिष्ठ प्राध्यापक और विद्यार्थी भी एकत्र होंगे।

### रास गरबा की निशुल्क क्लास आज

रायपुर। नवरात्रि पर्व के मद्देनजर संगम फ्रेंड्स फाउंडेशन की ओर से राजधानी में निशुल्क रास गरबा प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। संस्थापक चंद्रप्रकाश सोनी ने जानकारी देते हुए बताया कि यह प्रशिक्षण रविवार 21 सितंबर को शाम 4 बजे से 6 बजे तक एनआईसी के सामने गोल चौक रोहिणीपुरम पल्लवी विहार सेक्टर-2 शिवाजी इंग्लिश स्कूल, पं. दीनदयाल उपाध्याय वार्ड में दिया जाएगा।

## निधन

### रीनू ठाकुर



**रायपुर।** जनसंपर्क विभाग की सहायक संचालक रीनू ठाकुर का 19 सितंबर को मुंबई में निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार 21 सितंबर को सुबह 10 बजे मारवाड़ी श्मशानघाट में किया जाएगा। वे अधिवक्ता सूरज मिश्रा की पत्नी और आदित्य व अनुराधा ठाकुर की बहन थीं। उनके निधन पर मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने शोक जताते हुए श्रद्धांजलि दी है।

### सिमरन ठाकुर



**रायपुर।** श्याम नगर निवासी सिमरन ठाकुर का निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार तेलीबांधा मुक्तिधाम में किया गया। वे स्व. महेंद्र सिंह ठाकुर की पुत्री एवं शिव ठाकुर की भतीजी थीं।

### नारूमल धनवानी



**रायपुर।** अंजनी विहार सेक्टर 3 शिवानंद नगर निवासी नारूमल धनवानी का निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार 20 सितंबर को कोटा मुक्तिधाम में किया गया। वे जानचंद, देवानंद धनवानी के पिता थे।

---

## राजधानी में आधा दर्जन से ज्यादा बुजुर्गों को बनाया जालसाजी का शिकार

# बुजुर्गों को ठगने अब ओपन सोर्स इंटेलिजेंस का बिछाया जाल, डिजिटल अरेस्ट कर ठगी

हरिभूमि न्यूज ▸▸ रायपुर

जालसाजों के लिए ठगी करने सेवानिवृत्त बुजुर्ग साफ्ट टार्गेट हैं। जालसाज बुजुर्गों को उनकी गिरफ्तारी का भय दिखाकर डिजिटल अरेस्ट कर ठगी कर रहे हैं। राजधानी में दो महीने के भीतर जालसाजों ने आधा दर्जन से ज्यादा बुजुर्गों को डिजिटल अरेस्ट कर करोड़ों की ठगी की है। जिन लोगों के साथ ठगी की गई है, उनमें ज्यादातर सेवानिवृत्त निजी के साथ शासकीय कर्मी हैं। बुजुर्गों को डिजिटल अरेस्ट कर ठगी करने से रोकना साइबर पुलिस के लिए एक बड़ी चुनौती साबित हो रही है। जिन लोगों के साथ ठगी की घटना हुई है, उनमें से ज्यादातर क्लास-1 स्तर के अधिकारी रहे हैं।

पुलिस के मुताबिक, जालसाज ओपन सोर्स इंटेलिजेंस की मदद से डेटा हासिल कर बुजुर्गों के बारे में जानकारी हासिल कर उन्हें ठगी का शिकार बना रहे हैं। जालसाज खुद को टेलीकॉम कंपनी, सीबीआई, ईडी या बैंक अधिकारी बताकर अकाउंट में संदिग्ध लेन-देन करने का झांसा देते हैं और उन्हें गिरफ्तारी का भय दिखाकर रकम अपने खातों में ट्रांसफर करा लेते हैं।


हरिभूमि फॉलोअप
सेवानिवृत्त महिला साइंटिस्ट को डिजिटल अरेस्ट कर 42 लाख ठगे

### इसलिए बुजुर्ग निशाने पर

पुलिस के अनुसार ज्यादातर सेवानिवृत्त बुजुर्ग सोशल मीडिया से दूर रहते हैं। अपनी जरूरत के मुताबिक सोशल मीडिया का उपयोग करते हैं। बुजुर्ग ज्यादा संवेदनशील होते हैं। ऐसे में उन्हें झांसे में लेना आसान होता है। इस बात का फायदा उठाकर जालसाज बुजुर्गों के स्टेटस की जानकारी जुटाकर उन्हें कॉल कर मनी लॉड्रिंग, फ्रॉड सहित अन्य गंभीर किस्म के अपराध में संलिप्तता का भय दिखाकर गिरफ्तार करने का झांसा देकर ठगी करते हैं। बुजुर्ग अपने साथ अपने परिवार के बदनामी के डर से जालसाज के अकाउंट में बगैर सोचे पैसे ट्रांसफर कर देते हैं।

### ओपन सोर्स इंटेलिजेंस से ऐसे निकालते हैं जानकारी

ओपन सोर्स इंटेलिजेंस सार्वजनिक या अन्य खुले स्त्रोतों से जानकारी एकत्र करने की एक विधि है, जिसका उपयोग सुरक्षा विशेषज्ञ, राष्ट्रीय खुफिया एजेंसियों के अलावा साइबर अपराधी कर रहे हैं। साइबर सुरक्षाकर्मियों द्वारा इसका उपयोग करने का उद्देश्य अपने संगठन से संबंधित सार्वजनिक रूप से उपलब्ध जानकारी का पता लगाना होता है, जिसका उपयोग हमलावर कर सकते हैं, और भविष्य में होने वाले ऐसे हमलों को रोकने के लिए कदम उठाना होता है। इस उन्नत प्रौद्योगिकी का लाभ उठाकर जालसाज डेटा खोज कर इसका इस्तेमाल ठगी करने के लिए करते हैं। सार्वजनिक नेटवर्कों को स्कैन करके, सार्वजनिक रूप से उपलब्ध स्त्रोतों जैसे सोशल मीडिया नेटवर्कों से, तथा डीप वेब से प्राप्त किया जाता है- ऐसी सामग्री जिसे सर्च इंजन द्वारा क्रॉल नहीं किया जाता है, लेकिन फिर भी वह सार्वजनिक रूप से सुलभ होती है।

**केस 1**

टैगोर नगर निवासी सेवानिवृत्त चीफ साइंटिस्ट पुष्पा अग्रवाल को जालसाजों ने मनी लॉड्रिंग की रकम में 30 लाख रुपए उनके अकाउंट में ट्रांसफर होने पर गिरफ्तारी का भय दिखाकर 42 लाख की ठगी की।

**केस 2**

राखी थाना क्षेत्र के 60 वर्षीय सेवानिवृत्त लिपिक को जालसाजों ने फोन कर बताया कि उनके बैंक खाते में संदिग्ध लेन-देन हुआ है। जांच के नाम पर रकम अपने खाते में ट्रांसफर करने को कहा और रकम वापस करने का आश्वासन दिया।

**केस 3**

विधानसभा थाना क्षेत्र में रहने वाली एक स्टिल कंपनी की सेवानिवृत्त महिला सीईओ को जालसाजों ने बैंक अधिकारी बनकर काल किया। उन्होंने 'डिजिटल अरेस्ट' का भय दिखाया और कहा कि अगर तुरंत रकम ट्रांसफर नहीं की गई, तो गिरफ्तारी हो जाएगी। महिला ने हड़बड़ी में जालसाजों के बताए खाते में रकम डाल दी।

**केस 4**

पुरानी बस्ती थाना क्षेत्र निवासी सांख्यिकी विभाग की महिला डिप्टी डायरेक्टर को भी इसी तरह काल आया। जालसाज ने कहा कि उनका नाम मनी लॉड्रिंग केस में जुड़ गया है और जांच में सहयोग न करने पर तुरंत गिरफ्तारी हो सकती है।

---

## पीएम आवास योजना 2.0 के हितग्राहियों तक जानकारी पहुंचाने चला रहे अभियान



हरिभूमि न्यूज ▸▸ रायपुर

शंकर नगर स्थित जोन 3 कार्यालय में शनिवार को प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी 2.0 के अंतर्गत अंगीकार अभियान की जानकारी देने बैठक आयोजित की गई। जोन 3 के 7 वार्डों के पार्षद इस जागरूकता अभियान में शामिल हुये। कार्यक्रम का मकसद अधिक से अधिक पात्र हितग्राहियों तक योजना की जानकारी सरलता से पहुंचाना था।

■ पार्षद और वार्ड प्रतिनिधि जागरूकता कार्यक्रम में हुये शामिल

नगर निगम के दस जोन में जरूरतमंद लोगों तक प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी के संबंध में जानकारी देने अंगीकार अभियान चलाया जा रहा है। इसी कड़ी में जोन 3 कार्यालय में जोन अध्यक्ष साधना-प्रमोद साहू की विशेष उपस्थिति में वार्ड पार्षदों के साथ जनजागरूकता अभियान चलाया गया। इस मौके पर वार्ड पार्षद और जन प्रतिनिधियों को योजना के विभिन्न घटक बीएलसी, एएचपी, आईएसएस के साथ-साथ पात्रता मापदंड और आवश्यक दस्तावेजों के बारे में विस्तार से बताया गया। प्रधानमंत्री आवास योजना की सीएलटीसी नम्रता वर्मा द्वारा प्रतिभागियों को विभिन्न बिंदुओं पर जानकारी दी गई। लाभार्थियों को समय देकर आवेदन कर योजना का लाभ लेने प्रेरित किया गया। इस अवसर पर जोन अध्यक्ष साधना-प्रमोद साहू, जल कार्य विभाग अध्यक्ष संतोष-सीमा साहू, वार्ड पार्षद प्रदीप वर्मा, राजेश गुप्ता, कैलाश बेहरा, महेश ध्रुव ने आश्वस्त किया कि वे अपने-अपने वार्डों में अधिकतम हितग्राहियों को योजना की जानकारी उपलब्ध करवा कर आवेदन फार्म भरवाने में सक्रिय भूमिका निभायेंगे।

### संतोषी नगर में 12 दुकानदारों से वसूले ई-चालान

*रायपुर। नगर निगम मुख्यालय एवं जोन-6 की संयुक्त टीम ने शुक्रवार को शहर के संतोषीनगर में कब्जामुक्त अभियान चलाया। इस दौरान सड़क किनारे लगे ठेले और दुकानों के बाहर सामग्री रखे जाने पर कार्रवाई करते हुए 12 दुकानदारों पर ई-चालान के रूप में 13 हजार 5 सौ रुपए जुर्माना वसूला। इस कार्रवाई में कार्यपालन अभियंता दिनेश सिन्हा, सहायक अभियंता आशीष श्रीवास्तव, उपअभियंता सागर ठाकुर, अंकुर अग्रवाल एवं कार्य सहायक उपस्थित रहे।*

---

## साइड देने के विवाद पर मारपीट, ऑटो चालक गिरफ्तार, उरला की घटना



हरिभूमि न्यूज ▸▸ रायपुर

साइड देने के विवाद पर साथियों के साथ मारपीट करने के आरोप में उरला पुलिस ने एक ऑटो चालक को गिरफ्तार किया है। ऑटो चालक तथा उसके साथियों ने युवक के साथ उसके साथ जा रही उसकी बहन के साथ भी मारपीट की। स्थानीय लोगों के बीच-बचाव करने पर मामला शांत हुआ।

धर्मेंद्र गुप्ता की शिकायत पर पुलिस ने मोहम्मद यासिन को गिरफ्तार किया है। धर्मेंद्र ने पुलिस को बताया है कि वह अपने रिश्ते की बहन के साथ उरला गया था। वापसी के दौरान ब्रेकर के पास धर्मेंद्र ने अपनी स्कूटी की रफ्तार कम की तो पीछे से यासिन ने अपने ऑटो से धर्मेंद्र की स्कूटी को ठोकर मार दी। ठोकर लगने से धर्मेंद्र तथा उसकी बहन स्कूटी से गिर गए। इस पर धर्मेंद्र ने यासिन को ऑटो ठीक से चलाने के लिए कहा, तो इस बात से नाराज होकर धर्मेंद्र को थप्पड़ मार दिया। इस पर धर्मेंद्र ने भी यासिन को थप्पड़ मार दिया। इसके बाद यासिन ने अपने अन्य साथियों को बुला लिया। साथियों के साथ मिलकर यासिन ने धर्मेंद्र तथा उसकी बहन के साथ मारपीट की।

### अवाम-ए-हिंद के निशुल्क भोजन वितरण के 2000 दिन पूरे



रायपुर। राजधानी की सर्वधर्म, जनहित एवं सामाजिक संस्था अवाम-ए-हिंद की सोशल वेलफेयर कमेटी की ओर से संचालित सुपोषण अभियान गरीब, असहाय और जरूरतमंद लोगों के लिए राहत भरा कदम है। संस्था के मीडिया प्रभारी मो. जुबैर खान ने जानकारी देते हुए बताया कि यह संस्था बिना किसी शासकीय अनुदान प्राप्त किए डीकेएस अस्पताल में दूरदराज इलाकों से इलाज कराने आए मरीजों के परिजनों को निरंतर 2000 दिन से स्वादिष्ट एवं पौष्टिक भोजन उपलब्ध करा रही है। वहीं नवार निगम के नेता प्रतिपक्ष आकाश तिवारी इस कार्यक्रम में सम्मिलित हुए और संस्था के कार्यों की सराहना की। साथ ही संस्थापक मो. सज्जाद खान को सम्मानित भी किया। इस दौरान राजेंद्र शर्मा, अनिल शुक्ला, जुबैर खान, महावीर जैन, मोतीचंद जैन, वसीम अकरम, कुलविंदर सिंह, राजकुमार साहू, प्रीति जैन, कमलजीत कौर समेत संस्था के अन्य सदस्य उपस्थित रहे।

---

**न चिट्ठी गुमने की शिकायत और न ही फाइल इधर-उधर होने का खतरा**

# एक अक्टूबर से निगम में लागू होगा ई-आफिस सिस्टम, कल से ट्रायल शुरू

हरिभूमि न्यूज ▸▸ रायपुर




नगर निगम अपने विभागीय कार्यों में कसावट लाने और कार्यों को कम समय में पूरा करने 1 अक्टूबर से ई-आफिस प्रणाली लागू करने जा रहा है। इसके लिए सोमवार से महात्मा गांधी सदन में ट्रायल शुरू हो जायेगा। निगम आयुक्त विश्वदीप के निर्देश पर इसके संचालन के लिए विभाग प्रमुख सहित संबंधित विभागीय अधिकारी व कर्मचारियों को प्रशिक्षण दिया गया।

इस नई प्रणाली के माध्यम से सभी विभागों के प्रमुख के डिजिटल सिग्नेचर ऑनलाइन कर विभागीय पत्र, नोटशीट और आवश्यक दस्तावेजों को डिजिटलाइज्ड कर अन्य विभागों में भेजा जा सकेगा। इससे नस्ती को आगे बढ़ाने एवं विभागीय कार्य को कम समय में किया जाना आसान होगा। नगर निगम में अब मेनुअल की जगह ई आफिस प्रणाली से कम समय में पारदर्शिता के साथ कार्य होगा। इस नए सिस्टम से नगर निगम का कार्य पेपरलेस हो जाएगा। राज्य सरकार की मंशा अनुरूप महात्मा गांधी सदन और नगर निगम के सभी जोन कार्यालयों में ई आफिस प्रणाली लागू होगी। इससे जहां नगर निगम से जुड़े अहम कार्य मेनुअल की जगह पेपरलेस हो जाएंगे। वहीं निगम मुख्यालय व जोन दफ्तर में न चिट्ठी गुमने की शिकायत रहेगी, न ही विभागीय फाइल के इधर-उधर होने अंदेशा रहेगा। कुल मिलाकर पूरी कार्यालयीन प्रक्रिया ई आफिस के माध्यम से संचालित होगी। आईटी सेल के हेड रंजीत रंजन ने बताया कि इससे कम समय में पारदर्शिता के साथ विभिन्न विभागों के कार्य संचालन में मदद होगी, वहीं इसकी मानिटरिंग आसान हो जाएगा। विदित हो कि संचालनालय और मंत्रालय जैसे दफ्तरों में 1 माह पूर्व से ही यह कार्य प्रारंभ कर दिया है। अब प्रदेश के सभी नगरीय निकायों में ई आफिस प्रणाली लागू होने जा रही है।

### लॉग इन आईडी तैयार

सूत्रों के मुताबिक महात्मा गांधी सदन और जोन दफ्तरों में ई आफिस कंसेप्ट लाने से पूर्व एनआईसी ने निगम आयुक्त से लेकर विभाग अध्यक्ष, अपर आयुक्त, उपायुक्त, अधीक्षण अभियंता, कार्यपालन अभियंता, दस जोन के जोन कमिश्नर, स्वास्थ्य अधिकारी, एआरओ की लॉग इन आईडी तैयार की है।

### ई आफिस प्रोजेक्ट पर फोकस

हमारा फोकस ई आफिस प्रोजेक्ट पर है, नगर निगम में इसे जल्द लागू करेंगे। इसके लिए अधिकारियों और कर्मचारियों को प्रशिक्षण दिया गया है।

- विश्वदीप, आयुक्त, नगर निगम रायपुर

### लंबित नहीं होगी फाइल

नगर निगम के विभिन्न विभागों के कामकाज से जुड़ी फाइलें मैनुअल की जगह अब ऑनलाइन चलेंगी। पुरानी फाइलों को डार्क स्कैन कर सिस्टम में अपलोड किया जा रहा है, इससे आने वाले दिनों में किसी भी फाइल को मिनटों में ऑनलाइन स्क्रीन पर देखा जा सकेगा। यही नहीं, ई आफिस प्रणाली लागू होने से तत्काल यह पता चल जाएगा कि कौन सी फाइल किसने लंबित कर रखी है, इसकी मानिटरिंग का कार्य अब आसान हो जाएगा। नई फाइलें तत्काल ऑनलाइन करने के इस सिस्टम से कार्य में पारदर्शिता आएगी। महात्मा गांधी सदन के सभागार में छत्तीसगढ़ शासन के सामान्य प्रशासन विभाग के विशेषज्ञ हिमांशु तंबोली ने हाल ही में लाइव पोर्टल पर प्रदेश शासन की ई आफिस प्रोजेक्ट योजना की प्रशासनिक प्रक्रिया और संचालन कार्य प्रणाली से अवगत कराते हुये निगम मुख्यालय और सभी जोन के निगम अधिकारियों और कर्मचारियों को प्रशिक्षण दिया।

---

## तालाब के पास खुलेआम शराबखोरी

# शराब दुकान हटाने की मांग को लेकर किया प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ▸▸ रायपुर

राजधानी रायपुर के कोटा महोबा बाजार में संचालित शासकीय शराब दुकान को हटाए जाने की मांग को लेकर शनिवार को स्थानीय लोगों ने प्रदर्शन किया। इस दौरान प्रदर्शनकारियों ने रायपुर तहसीलदार को ज्ञापन भी सौंपा।

प्रदर्शनकारियों का कहना है कि जो शराब दुकान यहां खुली है, उसका टेंडर यहां से 5 किलोमीटर दूर चंदनीडीह के लिए हुआ था, लेकिन वहां शराब की बिक्री कम होने के कारण ठेकेदार ने दुकान को यहां ट्रांसफर करा लिया है। इधर इस मामले में आबकारी उपायुक्त राजेश शर्मा ने बताया कि शराब दुकान को लेकर प्रदर्शन हुआ है। इसकी सूचना उन्हें मिली है, लेकिन अभी तक इस मामले में विभाग में कोई आवेदन नहीं आया है।




### बस्ती का माहौल तनावपूर्ण

प्रदर्शनकारियों ने बताया कि शराब दुकान खुलने के बाद से महंत तालाब बस्ती में तालाब के पास खुलेआम लोग शराब पीने लगे हैं, जिससे यहां का माहौल तनावपूर्ण हो रहा है, जिसके कारण यहां कभी भी बड़ी घटना हो सकती है।

### दुकान चार माह पहले ट्रांसफर

प्रदर्शनकारियों ने बताया कि शराब दुकान को मई में चंदनीडीह से यहां ट्रांसफर की गई है। इस दुकान के खुलने के बाद से मारुति विहार कालोनी, श्रीजी टॉवर, मारुति हाइट, महंत तालाब कृष्णा नगर, ज्योति नगर कोटा आदि कालोनीवासी प्रभावित हो रहे हैं। उनका कहना है कि दो वर्ष पहले भी इस क्षेत्र में शराब दुकान खोली गई थी, जिसके कारण लोगों को बहुत परेशानी का सामना करना पड़ा था। विरोध होने पर दुकान को हटाने की कार्रवाई हुई थी, लेकिन अब दोबारा यहां शराब दुकान खोल दी गई है। मारुति विहार कालोनी के लोगों ने बताया कि 11 अप्रैल को कालोनी की ओर से कलेक्टर को ज्ञापन सौंपकर शराब दुकान को यहां नहीं खोले जाने की मांग की गई थी। इसके बाद भी दुकान यहां खोल दी गई है।

---

# सीएम साय ने कहा- गुरु तेगबहादुर सिंह साहिब ने धर्म की रक्षा के लिए दी शहादत

हरिभूमि न्यूज ▸▸ रायपुर

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय शनिवार को सेरीखेड़ी में गुरु तेगबहादुर सिंह साहिब की 350वीं शहादत शताब्दी के अवसर पर निकाली गई नगर कीर्तन यात्रा में शामिल हुए। मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि गुरु तेगबहादुर सिंहजी ने देश और धर्म की रक्षा के लिए अपना सर्वोच्च बलिदान दिया। यह हमारा सौभाग्य है कि आज छत्तीसगढ़ की धरती पर कीर्तन यात्रा के दर्शन कर रहे हैं। मुख्यमंत्री श्री साय ने गुरुग्रंथ साहिब के समक्ष मत्था टेककर प्रदेशवासियों की सुख-समृद्धि और खुशहाली की कामना की। उन्होंने गुरुग्रंथ साहिब की पालकी को अगवाई कर रहे पंज प्यारों का सम्मान भी किया। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री को पवित्र सिरोपा और कृपाण भेंट की गई। मुख्यमंत्री ने कहा कि यह छत्तीसगढ़ के लिए बड़े सौभाग्य और गर्व का विषय है।



**ये हुए शामिल:** इस अवसर पर विधायक सुनील सोनी, सीएसआईडीसी के अध्यक्ष राजीव अग्रवाल, छत्तीसगढ़ अल्पसंख्यक आयोग के अध्यक्ष अमरजीत सिंह छाबड़ा, नान के अध्यक्ष संजय श्रीवास्तव, छत्तीसगढ़ निःशक्तजन वित्त एवं विकास निगम के अध्यक्ष लोकेश कावड़िया, छत्तीसगढ़ राज्य बाल अधिकार संरक्षण आयोग की अध्यक्ष वर्णिका शर्मा, पूर्व विधायक कुलदीप जुनेजा, डॉ. पूर्णेन्दु सक्सेना, बलदेव सिंह भाटिया, गुरचरण होरा, गुरुद्वारा कमेटियों के प्रमुखजन सहित बड़ी संख्या में सिख धर्म के अनुयायी एवं नागरिक उपस्थित थे।

### मुगलों के सामने नहीं झुके, दिया सर्वोच्च बलिदान

मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि गुरु तेगबहादुर साहिब की शहादत के बारे में हम सभी भली-भांति जानते हैं। वे मुगलों के सामने कभी नहीं झुके और अपने धर्म की रक्षा के लिए बलिदान दिया। आज भी दिल्ली के चांदनी चौक स्थित गुरुद्वारा शीशगंज साहिब गुरु तेगबहादुर साहिब की शहादत का अमर प्रतीक है।

## खबर संक्षेप



### शराब भट्टी के विरोध में एनएसयूआई का शांतिपूर्ण प्रदर्शन

रायपुर। शंकर नगर स्थित स्कूल के सामने नई खोली गई शराब भट्टी के खिलाफ एनएसयूआई के पदाधिकारियों ने शनिवार को एक शांतिपूर्ण विरोध प्रदर्शन किया। एनएसयूआई के अध्यक्ष अनुज शुक्ला और हेमंत पाल ने बताया कि इस विरोध प्रदर्शन का उद्देश्य सरकार का ध्यान उन नीतिगत निर्णयों की ओर आकर्षित करना है, जिनसे छात्र, युवा और समाज के सांस्कृतिक परिवेश पर नकारात्मक प्रभाव पड़ रहा है। साथ ही प्रदेश सरकार द्वारा 10 हजार स्कूलों को युक्तियुक्तकरण के माध्यम से बंद करने व 67 शराब दुकानों को खोलने का काम किया जा रहा है। आज शंकर नगर में स्कूल व लाइब्रेरी के सामने शराब दुकान का खुलना यह बताता है कि यह सरकार शिक्षा को छोड़कर शराब को बढ़ावा देने का कार्य कर रही है। उन्होंने बताया कि यह समझ सकें कि शैक्षणिक एवं सांस्कृतिक स्थलों जैसे लाइब्रेरी, स्कूल और कॉलेज के नजदीक शराब भट्टी खोलना कितना हानिकारक है। विरोध प्रदर्शन करने वालों में जिला महासचिव गावेश साहू, सोशल मीडिया इंचार्ज पुनेश्वर, जिला महासचिव रजत ठाकुर लहरे, विस उपाध्यक्ष अंकित बंजारे, अरसलन, शुभ, तनिष्क, यश, मनीष, साहिल समेत अनेक एनएसयूआई सदस्य कार्यक्रम में उपस्थित थे।

### आम आदमी पार्टी के 90 विस के कार्यकर्ताओं की बैठक आज

रायपुर। आम आदमी पार्टी छत्तीसगढ़ में बिजली की बढ़ती दर और बेरोजगार युवाओं को रोजगार के मुद्दे को विधानसभा स्तर पर जोर-शोर से उठायेगी। इसके साथ ही प्रदेश में शिक्षा के स्तर और बदहाल कानून व्यवस्था पर पार्टी बड़ा आंदोलन करेंगी। पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष गोपाल साहू, प्रदेश संगठन महासचिव उत्तम जायसवाल ने बताया कि आम आदमी पार्टी द्वारा राज्य के सभी 90 विधानसभा क्षेत्र के कार्यकर्ताओं की बैठक 21 सितंबर को राजधानी रखी गई है। संगठन विस्तार को लेकर सभी विधानसभाओं में मीटिंग होगी, जिसमें विधानसभा प्रभारी और कार्यकर्ताओं को मीडिया, सोशल मीडिया में अपने क्षेत्र के मुद्दों को कैसे उठाना है, इसकी जानकारी और प्रशिक्षण दिया जायेगा। मुख्य प्रवक्ता सूरज उपाध्याय ने बताया कि सभी 90 विधानसभा की 10 प्रमुख मुद्दे होंगे। इसे चिन्हांकित करने का काम किया जायेगा। 5 ऐसे प्रमुख सुझाव तय करेंगे, जिससे प्रदेश में पार्टी का संगठन और तेजी से बढ़े।

### फाफाडीह में पीली बिल्डिंग के सामने पाइपलाइन लीकेज



रायपुर। नगर निगम जोन 2 क्षेत्र के फाफाडीह पीली बिल्डिंग के सामने पाइप लाइन लीकेज से पानी की बरबादी हो रही थी। स्थानीय लोगों ने इसकी शिकायत जोन 2 दफ्तर में की। शिकायत मिलने पर जल कार्य विभाग ने टीम भेजकर पाइप लाइन लीकेज की मरम्मत कराई। फाफाडीह इलाके में पीली बिल्डिंग के सामने नाली के ऊपर गई पाइप लाइन में लीकेज से रहवासी परेशान रहे। शनिवार को इसकी शिकायत जल विभाग को मिली। महापौर मीनल चौबे के निर्देश पर जन शिकायत को संज्ञान में लेते हुए जल कार्य विभाग ने टीम भेजकर पाइप लाइन लीकेज को ट्रेस कराया, जांच करने पता चला पाइप लाइन के ज्वाइंट में लीकेज से पीने का साफ पानी फिजूल में बह रहा है। फिल्टर प्लांट के कार्यपालन अभियंता नरसिंग फरेंद्र ने लीकेज को तत्काल सुधरवाने में तत्परता दिखाई।

# क्रेडिट कैंप में 405 हितग्राहियों को 9.59 करोड़ का ऋण वितरण

## पशु विभाग ने 35 हितग्राहियों को केसीसी का लाभ दिया, 70 लोगों को पशुपालन की दी जानकारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

आर्थिक सशक्तिकरण के लिए अभिनव पहल 'प्रोजेक्ट उद्यमी' शुरू की गई है। इसी कड़ी में शनिवार को जनपद पंचायत आरंग में भव्य क्रेडिट कैंप का आयोजन हुआ, जिसमें विभिन्न विभागों की योजनाओं की जानकारी प्रदान करने के साथ 405 हितग्राहियों को 9.59 करोड़ रुपये का ऋण वितरण किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में जिला पंचायत रायपुर के अध्यक्ष नवीन अग्रवाल शामिल हुए। उन्होंने हितग्राहियों को चेक और स्वीकृति-पत्र वितरित किया।



### कैंप में विभिन्न विभागों के अनेकों हितग्राहियों को मिला फायदा

कैंप में विभिन्न विभागों के अनेकों हितग्राहियों को योजनाओं का लाभ मिला। इसके तहत राजस्व विभाग ने 7 हितग्राहियों को प्रमाण-पत्र प्रदान किए और 1 हितग्राही का एग्रीमेंट पंजीकृत किया। कृषि विभाग ने 22 हितग्राहियों को केसीसी प्रदान किया। एनआरएलएम के अंतर्गत 8 महिला स्व-सहायता समूहों को 12.62 लाख रुपये स्वीकृत तथा 37 समूहों को 132.12 लाख रुपये का ऋण वितरण किया। इसके अतिरिक्त इंटरप्राइज फाइनेंस योजना के तहत 2 समूह सदस्यों के ऋण स्वीकृत एवं 45 सदस्यों को 41 लाख रुपए का ऋण उपलब्ध कराया गया। रेशम विभाग ने 35 हितग्राहियों को 5 लाख रुपये का अनुदान प्रस्तावित किया और 50 व्यक्तियों को रेशम उत्पादन की जानकारी दी। पशु विभाग ने 35 हितग्राहियों को केसीसी का लाभ दिया तथा 70 लोगों को पशुपालन की जानकारी प्रदान की। उद्यानिकी विभाग ने 29 किसानों को ग्राफ्टेड बैंगन और टमाटर के पौधे वितरित किए, 10 हेक्टेयर क्षेत्र में केला लगाने की योजना स्वीकृत की और 200 किसानों को करेला, लौकी व भिंडी के बीज उपलब्ध कराए। स्वास्थ्य विभाग ने 10 लोगों के आयुष्मान कार्ड बनाए और 15 व्यक्तियों की स्वास्थ्य जांच की। खेल विभाग ने 20 युवाओं का खेल पंजीयन किया। कार्यक्रम में जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी कुमार बिश्वरंजन सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी-कर्मचारी और बड़ी संख्या में हितग्राही उपस्थित रहे।

***शिविर से योजना का सीधे लाभ मिलता है हितग्राही को :*** नवीन अग्रवाल ने कहा कि ऐसे शिविर ग्रामीण अर्थव्यवस्था को गति देने के साथ ही योजनाओं का लाभ सीधे आमजन तक पहुंचाते हैं। जिला प्रशासन का नवाचार 'प्रोजेक्ट उद्यमी' आने वाले समय में युवाओं और ग्रामीणों को आत्मनिर्भर बनाने का सशक्त साधन बनेगा। क्रेडिट कैंप की सबसे बड़ी उपलब्धि प्रोजेक्ट उद्यमी रही, जिसके अंतर्गत 405 हितग्राहियों को 9.59 करोड़ रुपये का ऋण वितरण किया गया। इस पहल का उद्देश्य युवाओं और ग्रामीण उद्यमियों को वित्तीय सहयोग उपलब्ध कराकर स्वरोजगार और उद्यमिता को बढ़ावा देना है।

# प्रदेश में 46 लाख सदस्य सस्पेक्टेड तीन साल में नहीं करा पाए ई-केवाइसी

## हर माह उठा रहे राशन दुकानों से खाद्यान्न

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ में उचित मूल्य राशन दुकान के कार्ड धारकों में 46 लाख सदस्य सस्पेक्टेड हैं। इन सदस्यों ने अब तक ई-केवाइसी नहीं कराया है। इसके बाद भी इन सदस्यों के नाम पर हर महीने दुकानों से खाद्यान्न उठाए जा रहे हैं। वन नेशन वन राशन कार्ड योजना के तहत केंद्र सरकार ने प्रत्येक राशन कार्ड सदस्य का ई-केवाइसी कराना अनिवार्य किया है।

■ कई सदस्यों ने डुप्लीकेट आधार से भी राशन कार्ड बना लिए हैं

ये नियम फर्जीवाड़ा रोकने एवं पात्र हितग्राही को ही खाद्यान्न मिले, इसके मद्देनजर लागू किया है, लेकिन प्रदेश में बगैर ईकेवाइसी कराए ही लाखों सदस्य खाद्यान्न उठा रहे हैं, जबकि इनमें से कइयों की मृत्यु हो चुकी, कई राज्य छोड़ के जा चुके हैं, तो कई सदस्यों ने डुप्लीकेट आधार से भी राशन कार्ड बना लिए हैं।

इधर केईवाइसी नहीं कराने वाले सदस्यों को ऑनलाइन पोर्टल से हटाना छोड़ विभाग भी निरंतर केवाईसी कराने की तारीख पर तारीख बढ़ा रहा है। इसके बाद भी सस्पेक्टेड सदस्य केवाईसी नहीं करा रहे हैं।



### 2022 से केवाइसी की चल रही प्रक्रिया

केवाइसी कराने की प्रक्रिया वर्ष 2022 से चल रही है। इस प्रक्रिया के शुरू होने के एक साल बाद छूटे हुए सदस्यों के लिए केवाइसी कराने की तारीख लगातार आगे बढ़ाई गई है। केवाईसी कराने की अंतिम तारीख 30 जून 2025 माना जा रहा था, लेकिन इसके बाद भी केवाइसी की प्रक्रिया को रोकी नहीं गई है। यह प्रक्रिया वर्तमान में भी जारी है। इधर विभागीय अधिकारी अनुमान लगा रहे है कि नव वर्ष या फिर नए वित्तीय वर्ष से केवाईसी की प्रक्रिया पुराने कार्ड धारकों के लिए बंद कर दी जाएगी। इसके बाद छूटे हुए सदस्यों के नाम ऑनलाइन पोर्टल में ब्लॉक कर देंगे या हटा दिए जाएंगे।

**घर बैठे सुविधा शुरू**

केंद्र सरकार ने केवाईसी कराने के लिए अब ऑनलाइन घर बैठे सुविधा शुरू की है। इसके लिए गूगल से मेरा केवाइसी या आधार फेसआरडी एप डाउनलोड करना होगा। मेरा केवाइसी एप खोलने के बाद अपना आधार नंबर सहित अन्य विवरण दर्ज करें। इसके बाद आधार से लिंक मोबाइल नंबर पर ओटीपी आएगा, वहीं दूसरा एप आधार फेसआरडी से सदस्य का चेहरा स्कैन होगा। इसके बाद मोबाइल पर ओटीपी नंबर आएगा, जिसे सबमिट करते ही ईकेवाइसी की प्रक्रिया पूरी हो जाएगी।

### राज्य में 81.97 लाख राशन कार्ड, 2.73 करोड़ सदस्य

खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग से मिले आकड़ों के अनुसार प्रदेशभर में 81 लाख 97 हजार राशन कार्ड जारी किए गए हैं, वहीं सदस्यों की संख्या 2 करोड़ 73 लाख है। इनमें से अभी तक 46 लाख 34 हजार सदस्यों ने अपना ई-केवाइसी नहीं कराया है। इन सदस्यों ने अभी तक केवाइसी क्यों नहीं कराया है, इस संबंध में अभी तक भौतिक सत्यापन या जांच तक नहीं कराई गई है, जिसका गलत फायदा कार्ड धारक उठा रहे हैं। किसी सदस्य की मृत्यु हो गई या फिर राज्य छोड़कर जा चुका है या डुप्लीकेट आधार से सदस्य बन बैठे हैं, वे इनके नाम से भी खाद्यान्न उठा रहे हैं।

### ईकेवायसी कराना अनिवार्य

प्रत्येक सदस्य को ईकिवाइसी कराना अनिवार्य है। भविष्य में केवाइसी नहीं कराने वाले सदस्य का नाम ब्लॉक या हटाये जाने की घोषणा हो सकती है। इस परेशानी से बचने के लिए छूटे हुए सदस्यों को समय रहते केवाइसी करा लेना चाहिए।

*- भूपेंद्र मिश्रा, जिला खाद्य नियंत्रक*

# बैज का आरोप- तीन माह से 40 प्रतिशत महिलाओं को महतारी वंदन का पैसा नहीं मिल रहा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर



प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा कि पिछले तीन महिने से प्रदेश में महिलाओं को मिलने वाली महतारी वंदन की राशि 40 प्रतिशत महिलाओं को नहीं मिली है। यही नहीं, सरकार महिलाओं का नाम भी काट रही है, जिन महिलाओं को पिछले 16 माह तक राशि मिलती रही है, उनको अब अपात्र बताया जा रहा है। भाजपा सरकार महतारी वंदन में महिलाओं का नाम काटने का षड़यंत्र कर रही है।

■ महतारी वंदन में महिलाओं का नाम काटने का षड़यंत्र किया जा रहा

बस्तर के 4 जिलों में लगभग 4 हजार से अधिक महिलाओं के नाम काटे गये हैं। पूरे प्रदेश में महतारी वंदन के हितग्राहियों का फिर से सर्वे करवाया जा रहा है, ताकि अधिक से अधिक महिलाओं के नाम काटे जा सकें। चुनाव के समय सभी महिलाओं को महतारी वंदन का लाभ देने का वादा भाजपा ने किया था। चुनाव के बाद सभी महिलाओं को लाभ न मिले, इसके लिए नियम कानून बना दिया। अब महिलाओं का नाम फिर से काटने का षड़यंत्र किया जा रहा है।

### इन जिलों से आ रही शिकायतें

उन्होंने कहा, सरकार 70 लाख में से 60 प्रतिशत महिलाओं के खाते में पैसे डाल रही है। जुलाई, अगस्त, सितंबर में सभी पात्र महिलाओं को राशि नहीं मिली है। रायपुर, बिलासपुर, रायगढ़, सरगुजा, बस्तर सभी जगह से राशि नहीं मिलने की शिकायतें आ रही है। उन्होंने कहा, भाजपा की नीयत में खोट आ गया है, आगे सभी महिलाओं के खाते में पैसा आयेगा, इसकी कोई गारंटी नहीं है। आने वाले महीनों में महतारी वंदन योजना बंद हो जायेगी इसकी गारंटी है। कांग्रेस पार्टी मांग करती है कि जिन महिलाओं के खाते में अभी तक किस्त डाली गयी है, उनका नाम सार्वजनिक करें।

### साइबर ठगी, बैंक के 17 खाता धारक एवं संवर्धक पर केस दर्ज

रायपुर। म्यूल अकाउंट के माध्यम से साइबर ठगी करने के मामले में आजाद चौक पुलिस ने साउथ इंडियन बैंक खाता के 17 खाता धारक एवं संवर्धक के विरुद्ध अपराध पंजीबद्ध किया है। पुलिस ने इस मामले में जांच की है, जिसमें 1 जनवरी 2024 से लेकर 30 जून 2025 के मध्य बैंक के 17 खाता धारक एवं संवर्धक ने म्यूल अकाउंट के माध्यम से 6 लाख 42 हजार 477 रुपए की धोखाधड़ी की है। पुलिस ने मामले में 117-2, 117-4, 117-5, 111, 3-5 बीएनएस के तहत अपराध पंजीबद्ध किया है।

# सत्ता के संरक्षण में खाद की कालाबाजारी, किसान परेशान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग के अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला ने कहा, धान की फसल के लिए यूरिया की आवश्यकता है, इसके बिना फसल की बाढ़ प्रभावित हो रही है। खरीफ फसल में खाद के अंतिम डोज का समय तेजी से निकल रहा है, हरहुना धान के लिए तो समय निकल चुका है। बाली निकल आई है, लेकिन अब तक पूरे प्रदेश में किसान खाद के अभाव में परेशान हैं। यह सरकार केवल कागजी दावे कर के समस्या से इनकार कर रही है। सोसाइटियों में खाद गायब है और निजी दुकानदार तीन गुना महंगे दाम पर कालाबाजारी कर रहे हैं।

■ कांग्रेस ने कहा- सोसाइटियों में खाद गायब, निजी दुकानदार तीन गुना महंगे दाम पर बेच रहे



उन्होंने कहा, केंद्रीय उर्वरक मंत्री से मुलाकात के बाद मुख्यमंत्री ने दावा किया था कि सितंबर में 50 हजार मीट्रिक टन यूरिया केंद्र द्वारा भेजा जाएगा। इसमें से सरकार ने कहा था सितंबर के पहले और दूसरे सप्ताह तक 30 हजार मीट्रिक टन यूरिया सोसाइटियों में पहुंच जायेगा। 20 सितंबर हो गया है, अभी तक यह यूरिया न सोसाइटियों में पहुंचा है और न ही किसानों तक पहुंचा है। सरकार का दावा यहां भी झूठा साबित हुआ। भाजपा सरकार का चरित्र छत्तीसगढ़ के किसानों के साथ अन्यायपूर्ण है। धान का कटोरा कहलाने वाला छत्तीसगढ़, भाजपा सरकार की दुर्भावना के कारण उर्वरक संकट से जूझ रहा है।

# 200 गांवों में कार्य अधूरे, दर्जनों ठेकेदारों ने बंद किया काम इनमें मात्र 6 का ठेका निरस्त, ब्लैक लिस्टेड भी नहीं किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

जल जीवन मिशन अंतर्गत ग्रामीण क्षेत्रों में घर-घर नल जल कनेक्शन देने का अभियान पिछले कई वर्षों से जारी है। इसके बाद भी 50 प्रतिशत ग्रामों में भी जल जीवन मिशन अंतर्गत कार्य पूर्ण नहीं हो पाया है। जिला पीएचई विभाग एक ओर जहां इन अधूरे कार्यों को पूरा नहीं करा पा रहा है, वहीं दूसरी ओर दर्जनों की संख्या में ठेकेदारों ने काम अधूरे छोड़ दिए हैं। इन ठेकेदारों की विभाग ने लिस्ट भी बनाई हुई हैं, लेकिन खानापूर्ति कार्रवाई करते हुए मात्र 6 ठेकेदारों का ठेका निरस्त किया है, जबकि इन ठेकेदारों को ब्लैक लिस्टेड किया जाना था।

■ जल जीवन मिशन में गोलमाल

***जिला पंचायत की बैठक में सदस्यों से घिरने के बाद अफसर ने की खानापूर्ति कार्रवाई :*** जिला पंचायत की सामान्य सभा की बैठक में ग्रामीण क्षेत्रों में जल जीवन मिशन अंतर्गत अधूरे कार्यों को लेकर सदस्यों ने जमकर नाराजगी जताते हुए पीएचई विभाग के जिला अधिकारी अनिल बच्चन को अपने सवालों से घेरा था। सदस्यों ने आरोप लगाया था कि अफसर ने सदन में जो जानकारी दी है वह गलत है। अफसर ने जानकारी दी थी कि जिलेभर में 477 ग्रामों में से 294 ग्रामों में जल जीवन मिशन का कार्य पूर्ण हो चुका है, जबकि सदस्यों ने बताया कि 2 सौ से भी कम ग्रामों में कार्य पूर्ण हुआ है। 100 से ज्यादा ग्रामों में तो ठेकेदारों ने ही कार्य अधूरा छोड़ काम ही बंद कर दिया है। इसके जवाब में अफसर ने बताया था कि जिन ठेकेदारों ने काम बंद कर दिया है, उनकी लिस्ट तैयार कर ली गई है, जिन्हें ब्लैक लिस्टेड किया जाएगा। विभाग अब इन ठेकेदारों को बचाने के प्रयास में जुट गया है। यही कारण है कि विभाग ने मात्र 6 ठेकेदारों का वर्क ऑर्डर निरस्त करने की कार्रवाई की है।

### बगैर टेंडर निकाले कई ठेकेदारों को वर्क ऑर्डर जारी

विभागीय सूत्रों के मानें, तो पीएचई विभाग के अफसरों ने जिले के कई ग्रामों के लिए टेंडर निकाले बगैर वर्क ऑर्डर जारी कर दिए हैं। ये वर्क ऑर्डर उन्हीं ठेकेदारों को जारी किए गए थे, जिन्होंने कार्य अधूरे छोड़ दिए हैं। इनमें एक ठेकेदार उत्तम टंडन ने बताया कि ग्राम तुलसी धरसींवा में जल जीवन मिशन का कार्य मिला था। इस कार्य का ठेका उसे बगैर टेंडर के मिला था। फंड नहीं मिलने से कार्य अभी पूर्ण नहीं हुआ है। जिला पंचायत एवं कलेक्टर में शिकायत भी की है, लेकिन राशि अभी तक नहीं मिल पाई है। सूत्रों के अनुसार इस तरह जिले में ऐसे दर्जनों मामले हैं, जिसमें बिना टेंडर निकाले ठेकेदारों को वर्क ऑर्डर जारी कर दिया गया है। यही कारण है कि विभाग अब इन ठेकेदारों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई भी नहीं कर पा रहा है।



### इनका ठेका निरस्त

ग्राम पलौद अभनपुर- मेसर्स रेखा भुटे रायपुर, ग्राम छपोरा धरसींवा-मेसर्स अम्बे कंस्ट्रक्शन एंड इंडस्ट्रीज रायपुर, ग्राम मुरेठी धरसींवा-मेसर्स शर्मा कंस्ट्रक्शन, ग्राम नरदहा आरंग-मेसर्स विनोद अग्रवाल, ग्राम अमसेना आरंग-मेसर्स अम्बे कंस्ट्रक्शन एंड इंडस्ट्रीज रायपुर तथा ग्राम धनसुली तिल्दा-मेसर्स अग्रवाल टाइल्स रायपुर शामिल है।

### ग्राम चेरिया-बंजारी में डेढ़ साल बाद टेस्टिंग

नया रायपुर क्षेत्र के ग्राम चेरिया एवं बंजारी में डेढ़ साल पहले पाइप लाइन बिछाने, पानी टंकी का निर्माण तथा घर-घर नल कनेक्शन लगाए जा चुके हैं, लेकिन टेस्टिंग का काम एक सप्ताह पहले शुरू किया गया है। इस टेस्टिंग के दौरान पता चला कि पानी टंकी में सिपेज से लेकर पाइप लाइन में जगह-जगह लीकेज है, जिसके कारण पानी की सप्लाई भी अभी तक शुरू नहीं हो पाई है।

### डेढ़ साल बाद टेस्टिंग

डेढ़ साल के बाद गांव में पाइप लाइन एवं पानी टंकी की टेस्टिंग की जा रही है। इस टेस्टिंग में टंकी में सीपेज एवं पाइप लाइन जगह-जगह से लीकेज मिला है। ऐसे ठेकेदार एवं इंजीनियर के विरुद्ध कार्रवाई होनी चाहिए।

*- तृप्ति बाला तिवारी, सरपंच, ग्राम चेरिया नया रायपुर*

### मांगी गई है सूची

पीएचई विभाग से उन ठेकेदारों की सूची मांगी गई है, जिन्होंने कार्य अधूरा छोड़कर बंद कर दिए हैं। कार्य अधूरा छोड़ने के कारणों की जानकारी भी मांगी है। सूची आएगी, तभी कुछ बता पाऊंगा।

*- नवीन अग्रवाल, अध्यक्ष, जिला पंचायत रायपुर*

### आगामी बैठक में करेंगे सवाल

आधा दर्जन ठेकेदारों के ठेका निरस्त किए जाने की जानकारी विभाग से मिली है। इन ठेकेदारों को ब्लैक लिस्टेड किया जाना था, पर नहीं किया। ऐसे दर्जनों और ठेकेदार हैं, जिनके नाम की सूची विभाग ने तैयार कर ली है, ऐसी जानकारी सामान्य सभा में दी गई थी। उस सूची को लेकर आगामी बैठक में सवाल किया जाएगा।

*- संदीप यदु, उपाध्यक्ष, जिला पंचायत रायपुर*

### नगरीय निकायों के महापौर, अध्यक्ष और पार्षद की निधि जारी

रायपुर। राज्य शासन के नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग ने नगरीय निकायों को कुल 102 करोड़ 97 लाख 50 हजार रुपए जारी किए हैं। विभाग ने निकायों को पार्षद निधि के कुल 72 करोड़ 33 लाख 75 हजार रुपए, महापौर/अध्यक्ष निधि के कुल 30 करोड़ 63 लाख 75 हजार रुपए आबंटित कर दिए हैं। विभाग ने चालू वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए दोनों मदों में 50-50 प्रतिशत राशि निकायों को जारी की है। नगरीय प्रशासन विभाग ने पार्षद निधि के रूप में राज्य के 14 नगर निगमों को कुल 21 करोड़ 96 लाख रुपए जारी किए हैं। वहीं 54 नगर पालिकाओं को 23 करोड़ 37 लाख 75 हजार रुपए, 120 नगर पंचायतों को 27 करोड़ रुपए की पार्षद निधि जारी की है। नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग की ओर से 14 नगर निगमों को दस करोड़ 12 लाख 50 हजार रुपए की महापौर निधि आबंटित की गई है।

**आम सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकारगण (1) श्रीमती रामप्यारी बाई पिता झड़ीराम (पति फिरतु राम सिन्हा) निवासी-ग्राम- दतरेंगा, पोस्ट - सेजबहार, तह. व जिला - रायपुर (छ.ग.) (2) श्रीमती संजा बाई पिता स्व. झड़ीराम (पति खोरबाहरा सिन्हा) निवासी शुक्रवारी बाजार, गुढ़ियारी, तह. व जिला - रायपुर छ.ग. से प्राप्त अधिकार एवं निर्देशानुसार निम्न सूचना प्रकाशित करता हूँ :-

यह कि ग्राम व मौजा धरसींवा प.ह.नं. - 18, रा.नि.मं. - रायपुर 15 धरसींवा तहसील धरसींवा जिला - रायपुर छ.ग. में स्थित भूमि खसरा नं. 287/5 रकबा 0.142 हे. ख.नं. 341/3 रकबा 0.012 हे खसरा नं. 444/1 रकबा 0.162 हे.. ख.नं. 531/4 रकबा 0.142 हे. कुल खसरा नं. 4. कुल रकबा 0.458 हे. भूमि जो कि मेरे पक्षकारगण के पिता झड़ीराम एवं माता अगरौतिन बाई पति झड़ीराम के नाम पर राजस्व अभिलेख में दर्ज था तथा मेरे पक्षकारगण की माता श्रीमती अगरौतिन बाई के मृत्यु के पश्चात फर्जी एवं कपटपूर्ण रूप से न्यायालय तहसीलदार धरसींवा जिला-रायपुर में दिनांक 05.07.2025 को मेरे पक्षकारगण के नाम जोड़े बिना ही विजय कुमार की मृत्यु पश्चात कुमारी बाई एवं अन्य द्वारा कोई विधिक वारिसान नहीं कहकर कपटपूर्ण रूप से नामांतरण करा लिया गया है जबकि झड़ीराम एवं अगरौतिन के मृत्यु पश्चात उनके पुत्र विजय कुमार, आशीष, पुत्री हीरा बाई, रैनी बाई, रामप्यारी बाई, संजा बाई एकमात्र विधिक वारिसान है तथा न्यायालय में फर्जी नहीं जोड़ा गया है। जबकि मेरे पक्षकारगण भी विधिक वारिसान है तथा झड़ीराम एवं अगरौतिन बाई की पुत्री है।

मेरे पक्षकारगण को ज्ञात हुआ है कि फर्जी रूप से नामांतरण कराकर उक्त भूमि को विक्रय करने का प्रयास किया जा रहा है तथा कोई भी व्यक्ति एवं संस्था मेरे पक्षकारगण की जानकारी के बिना क्रय ना करें अन्यथा उन्हें कोई स्वत्व एवं आधिपत्य प्राप्त नहीं होगा। मेरे पक्षकारगण कुमारी बाई एवं अन्य द्वारा दिनांक 05.07.2025 को कराया गया नामांतरण आदेश को माननीय अनुविभागीय अधिकारी रायपुर छ.ग. में चुनौती दिया जा रहा है। अतः उपरोक्त संपत्ति को कोई भी व्यक्ति क्रय ना करें।

सो सूचना जाने।

रायपुर छ.ग.
दिनांक- 20.09.2025

भवदीय
संजय यादव (अधिवक्ता)
शॉप नं. ओ. एम. -1, द्वितीय तल, अशोका मिलेनियम, रिंग रोड, राजेन्द्र नगर, रायपुर (छ.ग.)
मो. नं. 9893933086

**// आम सूचना //**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार के द्वारा भूमिस्वामी 1. लेखराम सेन, 2. पूर्णिमा पिसरान द्वारिका सेन द्वारा इकरारकर्ता मनटोरा बाई पिता रतन (पति रामेश्वर सेन) निवासी - ग्राम पोंड़ थाना व तहसील गोबरा नवापारा, जिला रायपुर छ.ग. के स्वामित्व एवं आधिपत्य की भूमि ग्राम पोंड़, प.ह.नं. 08, रा.नि.मं. तोरला तहसील गोबरा नवापारा जिला रायपुर छ.ग. में स्थित भूमि खसरा नं. 1644 रकबा 0.070 हे., 1645/1 रकबा 0.280 हे., खसरा नं. 1645/2 रकबा 0.270 हे. भूमि को खरीदने का पक्का सौदा तय कर ब्याना राशि का भुगतान किया जा चुका है तथा विक्रय पंजीयन कराया जाना शेष है।

अतः उक्त संबंध में किसी भी व्यक्ति, संस्था, निगम, निकाय, बैंक, साहूकार, महाजन, या शासकीय अथवा अर्धशासकीय कार्यालय को किसी भी प्रकार से कोई उजर आपत्ति या दावा हो तो मेरे नीचे लिखे कार्यालय पते पर सूचना प्रकाशन के पन्द्रह दिवस के भीतर खुद अथवा अपने मान्यता प्राप्त अभिकर्ता / अभिभाषक के माध्यम से सुसंगत दस्तावेजों के साथ प्रस्तुत कर पावती ले लेवें अन्यथा मेरे पक्षकार द्वारा उक्त समय व्यतित होने के पश्चात उक्त भूमि का विक्रय पंजीयन खुद अथवा अपने अधिकृत व्यक्ति के नाम पर पंजीयन करा लिया जायेगा तथा बाद में किया गया दावा आपत्ति मेरे पक्षकार के उपर बंधनकारी नहीं होगा। एवं सदभावक क्रेता माना जावेंगा।

दिनांक 20/09/2025
स्थान - अभनपुर

भवदीय
नागेन्द्र सिन्हा
अधिवक्ता अभनपुर
मो.नं. 9893906809

**:: उत्तराधिकार प्रमाण पत्र की प्राप्ति हेतु ::**
(आदेश-5, नियम-20 एवं 151 व्यवहार प्रक्रिया संहिता)
न्यायालयः- सुरेश टोप्पो, द्वितीय व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ श्रेणी, रायपुर छ.ग.

उत्तराधिकार प्र.क्र. -35/2025 प्रो.क्र. 781
पेशी तारीख 21.11.2025
श्रीमती सपना केशरवानी वगै. - आवेदिकागण
बनाम
श्रीमती गंगावती सुखदेवे वगै. - अनावेदकगण

प्रति,
आम जनता जिसका इस केस से संबंध हो अनावेदकगण

जो कि आवेदिकागण के मृतक पिता ताम्रध्वज सुखदेवे उर्फ टी.डी. सुखदेवे के संबंध में उत्तराधिकार प्रमाण पत्र प्राप्ति हेतु इस न्यायालय में पेशी 21.11.2025 को दिन प्रातः 11 बजे दावे का उत्तर देने के लिए उपसंजात हाजिर होने के लिए समंस किया जाता है। आप इस न्यायालय में स्वयं या किसी ऐसे प्लीडर द्वारा उपसंजात हो सकते है जिसके सम्यक अनुदेश दिये गये हो और जो इस वाद से संबंधित सभी सारवान प्रश्नों का उत्तर दे सकें। आपको यह भी निर्देश दिया जाता है कि आप उस दिन सभी दस्तावेजों को प्रस्तुत करें जिस पर आपकी प्रतिरक्षा या प्रतिदावा आधारित है। अतः आप उपर बताई गई तारीख को इस न्यायालय में हाजिर नहीं होंगे तो दावे की सुनवाई और उसका निपटारा आपकी अनुपस्थिति में किया जावेगा।

नोट :- यदि किसी कारणवश आगामी तिथि को अवकाश हो जाता है या कार्य स्थगित हो जाता है या पीठासीन अधिकारी अवकाश पर हो तो प्रकरण की सुनवाई ठीक अगले कार्य दिवस पर किया जावेगा।

यह आज तारीख 15.09.2025 को मेरे हस्ताक्षर से अधिकरण की मुद्रा लगा कर दिया गया।

रायपुर छ.ग.
दिनांक 15.09.2025

(सुरेश टोप्पो)
द्वितीय व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ श्रेणी, रायपुर (छ.ग.)

HEALTH TOWN

रामकथा
डॉ. संतोष जायसवाल
एम.बी.बी.एस., एम.एस. (कान, नाक, गला रोग विशेषज्ञ)
मो. 70891-60782
आंख एवम् कान नाक गला अस्पताल
कान से मवाद एवं परदे में छिद्र का दूरबीन पद्धति द्वारा ऑपरेशन
बैंक ऑफ़ बड़ौदा के सामने कर्मा धाम मंदिर गली बोरिया रोड संतोषी नगर रायपुर, फोन 0771-4001080

आयुर्वेदिक कैंसर क्लिनिक
Dr. Hrituraj Taank
B.A.M.S.
Nadi Parikshak By Sri Sri Tattva Bengaluru
सभी तरह के कैंसर का बिना साइड इफ़ेक्ट के आयुर्वेद एवं पंचकर्म द्वारा संपूर्ण ईलाज
पताः चरक हैल्थ क्लिनिक, दुबे कालोनी, मोवा, रायपुर (छ.ग.), 9926644448, 9630053692

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130



खुशखबरी... खुशखबरी...
जय श्री बालाजी
खुशखबरी... खुशखबरी...
SALE
श्री बालाजी गारमेंट सेल
SALE
हैण्डलूम व रेडीमेड गारमेंट्स की विशाल सेल
विशेष सूचना : पानीपत के फैक्ट्रियों में पानी भर जाने के कारण एक्सपोर्ट कंपनियों का हैण्डलूम का माल रायपुर के गुरुतेग बहादुर भवन में आ गया.
स्टॉक टाइम लिमिट में.
यह ही नहीं, बड़े-बड़े ब्रांडों के आउटलेट्स के गारमेंट्स -
लेडीज़वेअर, मेन्सवेयर और किड्सवेअर - सारा माल एक ही छत के नीचे
ये सारा माल 99/-, 149/-, 299/- में सेल करके ख़त्म करना है.
जल्दी कीजिये
फुल साइज कारपेट
मखमली प्रिंट
ONLY
₹249, ₹299, ₹499
एक्सपोर्ट क्वालिटी टॉवेल्स
ONLY
₹199
जयपुरी प्रिंट की चादरें (जिनके MRP 1499/- है)
ONLY
₹99, ₹299
BLOCK PRINTED
LACE
DIGITAL PRINTED
TIE DYE
EMBROIDERED
APPLIQUE
SCREEN PRINTED
पर्दे ही पर्दे
ONLY
₹99, ₹199
किचन नैपकिन
ONLY ₹10
जो गारमेंट्स केवल शो-रूम में सप्लाई की जाती है
मेन्स वियर प्रिमियम क्वालिटी गारमेंट्स
लेडिज वियर
क्राप टॉप
लॉग टॉप
मिनी टॉप
नेट टॉप
कोरियन टॉप
लेडिज कुर्ती
जिसकी शो-रूम प्राईज 3000/- से 4000/- है
वही नेशनल इंटरनेशनल ब्राण्ड के गारमेंट्स
₹99 & ₹199 में
ब्राण्डेड शर्ट
डाऊन शोल्डर शर्ट
बैगी पेन्ट
ट्राऊजर
6 पोकेट वाली कारगो
ब्राण्डेड जीन्स
ब्राण्डेड ट्राऊजर
डाऊन शोल्डर टी-शर्ट
₹99 & ₹699 में
जल्दी करें.. सिर्फ कुछ दिनों के लिए
FREE PARKING
गुरुतेग बहादुर हॉल
FREE ENTRY
गढ़ कलेवा के पास, राजभवन गेट नं.-3 के सामने, घडी चौक, रायपुर

# अर्धशासकीय राष्ट्रीय विद्यालय छतौद पर मंडरा रहा ताला लगने का खतरा

**खबर संक्षेप**

### स्वस्थ नारी, सशक्त परिवार अभियान, हीरापुर में महिला मरीजों के लिए विशेष शिविर

**रायपुर।** स्वस्थ नारी, सशक्त परिवार अभियान के तहत स्वास्थ्य विभाग की टीम ने हीरापुर स्वास्थ्य केंद्र में शिविर लगाकर महिला मरीजों की विशेष जांच की। इस दौरान गंभीर बीमारियों की जांच के साथ नियमित टीकाकरण और आयुष्मान कार्ड बनाने का काम भी पूरा किया गया। 17 को राष्ट्रीय पोषण माह के साथ शुरू अभियान 2 अक्टूबर तक चलेगा। इसी कड़ी में शनिवार को मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. मिथिलेश चौधरी की अध्यक्षता में अर्बन पीएचसी हीरापुर में विशेष स्वास्थ्य शिविर आयोजित किया गया।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

**अलग खबर**

जिला प्रशासन सरकारी स्कूलों की पढ़ाई की गुणवत्ता में सुधार लाने एवं बच्चों को अन्य सभी तरह की सुविधाएं देने के लिए न केवल जोर दे रहा है, बल्कि कई तरह के नवाचार अभियान भी चलाए जा रहे हैं।

यहां तक की स्कूलों में विषयवार शिक्षकों की कमी को दूर करने के लिए युक्तियुक्तकरण के तहत पदस्थापनाएं करने के साथ स्कूलों को भी मर्ज भी किया है। प्रशासन की इस कोशिश से जिले के सरकारी स्कूलों में शिक्षा के स्तर में सुधार भी आने लगा है, वहीं दूसरी ओर एक अर्धशासकीय स्कूल ऐसा भी है, जिस पर ताला लगने का खतरा मंडरा रहा है।

यह स्कूल तिल्दा क्षेत्र के ग्राम छतौद में है। राष्ट्रीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय स्कूल में शिक्षकों की कमी और समय पर वेतन नहीं देने से शिक्षकों को अपना घर-गुजारा चलाना मुश्किल हो रहा है, बल्कि धीरे-धीरे यहां पढ़ने वाले बच्चों की संख्या भी घटकर लगभग आधी हो चुकी है। स्थिति यह है कि यहां पढ़ने वाले बच्चों की फीस से ही शिक्षकों को वेतन तथा स्कूल संचालन का पूरा खर्चा निकाला जा रहा है, जिसके कारण कई शिक्षकों का पिछले कई माह का वेतन भी रुका हुआ है।

## समिति ने शिक्षकों को वेतन देने से खींचा हाथ

### जिला पंचायत उपाध्यक्ष ने किया था स्कूल का आकस्मिक निरीक्षण, तब हुआ मामले का खुलासा

जिला पंचायत रायपुर के उपाध्यक्ष संदीप यदु ने हाल ही में इस स्कूल का आकस्मिक निरीक्षण किया था। इस निरीक्षण के बाद उन्होंने हरिभूमि से बातचीत में बताया कि इस स्कूल पर ताला लगने का संकट मंडरा रहा है, क्योंकि इस स्कूल का संचालन करने वाली राष्ट्रीय विद्यालय समिति रायपुर ने अब स्कूल की प्राचार्य को स्पष्ट रूप से कह दिया है कि स्कूल के लिए समिति अलग से फंड जारी नहीं करेगी। बच्चों की जो फीस आ रही है, उसी राशि से स्कूल का संचालन, शिक्षकों एवं अन्य कर्मचारियों को वेतन का भुगतान किया जाए। समिति के इस निर्देश के बाद स्कूल में पदस्थ कई शिक्षकों को वेतन मिलना मुश्किल हो गया है।



### जानकारी मंगाता हूं

इस स्कूल के बारे में जिला शिक्षा अधिकारी से जानकारी मंगाता हूं। इसके बाद आगे क्या किया जा सकता है, इस पर विचार किया जाएगा।

- कुमार बिश्वरंजन, सीईओ, जिला पंचायत रायपुर

## बिजनेस साइट

### वी श्री होंडा में लॉन्च हुई शाइन 100 डीएक्स और सीबी 125 होर्नेट



**रायपुर।** वी श्री होंडा आरंग में शाइन 100 डीएक्स और सीबी 125 होर्नेट की शानदार लॉन्चिंग की गई। इस अवसर पर आरंग व्यापारी संघ के अध्यक्ष सूरज शर्मा और पूर्व सचिव राकेश गुप्ता ने नई बाइक्स का अनावरण किया। कार्यक्रम में वी श्री होंडा के डायरेक्टर दिलीप चंद्राकर, प्रदीप चंद्राकर समेत पूरी टीम मौजूद रही। जनरल मैनेजर नीरज राय राठौर ने बताया कि शाइन 100 डीएक्स अब नई पंचलाइन सॉलिड के साथ उपलब्ध है, जिसमें डिजिटल मीटर जैसी आधुनिक सुविधाएं शामिल हैं। वहीं सीबी 125 होर्नेट को अपने सेगमेंट में पहली बार गोल्डेन अपसाइड डाउन फोर्क सस्पेंशन, सिंगल चैनल एबीएस, मोनोशॉक रियर सस्पेंशन और टीएफटी डिजिटल डिस्प्ले जैसे एडवांस फीचर्स के साथ लॉन्च किया गया है।

### रामकृष्ण केयर हॉस्पिटल्स ने 'स्वस्थ नारी सशक्त परिवार' अभियान की शुरुआत की

**रायपुर।** रामकृष्ण केयर हॉस्पिटल्स ने 'स्वस्थ नारी, सशक्त परिवार' अभियान का शुभारंभ किया, जो भारत सरकार के स्वास्थ्य एवं महिला सशक्तिकरण के दृष्टिकोण के अनुरूप है। अभियान के बारे में बोलते हुए डॉ. संदीप दवे (प्रबंध एवं चिकित्सा निदेशक) ने कहा, महिलाओं का स्वास्थ्य पूरे समाज की नींव है। कार्यक्रम में डॉ. उज्ज्वला म्हात्रे और डॉ. प्रियंका शुक्ला ने महिलाओं को संतुलित आहार, पीसीओडी-पीसीओएस व अन्य स्वास्थ्य मुद्दों पर मार्गदर्शन दिया। नर्सिंग स्टाफ ने जागरूकता के लिए रंगोली बनाई। 17 सितंबर से 2 अक्टूबर तक विशेष महिला स्वास्थ्य जांच पैकेज व निशुल्क शिविरों की शुरुआत की गई है, जिसमें पंजीकरण किया जा सकता है। यह अभियान समाज में महिलाओं के स्वास्थ्य और भूमिका को सशक्त बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

### रक्तदान और स्वास्थ्य जांच शिविर का सफल आयोजन



**रायपुर।** मैट्स विश्वविद्यालय द्वारा बिलासा ब्लड सेंटर के सहयोग से एक दिवसीय रक्तदान एवं निशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन इंजीनियरिंग ब्लॉक, आरंग कैंपस में किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य छात्रों और कर्मचारियों में स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता और स्वैच्छिक रक्तदान की भावना को बढ़ावा देना था। यह शिविर सुबह 10 बजे से शाम 4 बजे तक चला, जिसमें बड़ी संख्या में छात्रों और स्टाफ ने भाग लिया। कुलाधिपति गजराज पगारिया, कुलपति प्रो. (डॉ.) केपी यादव, महानिदेशक प्रियेश पगारिया सहित विश्वविद्यालय के वरिष्ठ अधिकारियों के मार्गदर्शन में कार्यक्रम सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। शिविर में रक्तदाताओं को यातायात सुरक्षा के संदेश स्वरूप हेलमेट भेंट किए गए। साथ ही प्रतिभागियों को नेत्र जांच, स्वास्थ्य परीक्षण और विशेषज्ञ चिकित्सकों से परामर्श की सुविधा भी दी गई। यह आयोजन विश्वविद्यालय की सामाजिक जिम्मेदारी की भावना को दर्शाता है।

### आंजनेय यूनिवर्सिटी में पहली बार 'एसआईएच इंटरनल हैकथॉन 2025' का आयोजन



**रायपुर।** आंजनेय यूनिवर्सिटी ने नवाचार को बढ़ावा देते हुए पहली बार 'स्मार्ट इंडिया हैकथॉन (एसआईएच) 2025' का इंटरनल राउंड भव्य रूप से आयोजित किया। इसमें इंजीनियरिंग, फार्मेसी, फॉरेंसिक, विज्ञान, विधि, प्रबंधन और वाणिज्य संकायों के 120 से अधिक विद्यार्थियों ने 20+ टीमों में भाग लिया। मुख्य अतिथि आदित्य तामस्कर ने छात्रों के प्रोजेक्ट्स की सराहना की। प्रतिभागियों ने हेल्थकेयर, स्मार्ट एजुकेशन, कानूनी प्रणाली, कृषि तकनीक जैसे क्षेत्रों में नवाचार प्रस्तुत किए। जूरी पैनल में डॉ. जय कुमार देवांगन, डॉ. शिल्पा शर्मा सहित अन्य विशेषज्ञ मौजूद रहे। चांसलर अभिषेक अग्रवाल ने कहा कि यह आयोजन छात्रों में नवाचार, टीमवर्क और व्यावहारिक सोच को प्रोत्साहित करता है। कुलपति डॉ. टी. रामाराव ने इसे छात्रों के लिए 21वीं सदी की चुनौतियों से निपटने का प्रशिक्षण बताया। कार्यक्रम का संचालन प्रो. अंजू पांडेय ने किया और सभी टीमों का मार्गदर्शन लक्ष्य नामदेव ने किया।

विभाग ने शावकों के जन्म की जानकारी के साथ एक की मौत की जानकारी सार्वजनिक नहीं की

# संरक्षित राजकीय पशु वनभैंसा के जन्म से लेकर मौत तक वन विभाग की गोपनीयता सवालों के घेरे में

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

राज्य का राजकीय पशु वनभैंसा है। छोटू नामक वनभैंसा एकमात्र प्योर नस्ल का राजकीय पशु अपनी जिंदगी के अंतिम पड़ाव पर है। ऐसे में राजकीय पशु की संख्या बढ़ाने असम से वनभैंसा लाए गए हैं। असम से लाए गए वनभैंसा में से दो मादा वनभैंसा ने दो साल में पांच शावकों को जन्म दिया है। इस तरह से इनकी संख्या 11 पहुंच गई। पिछले आठ सितंबर को जिस मादा वनभैंसा ने तीन शावक को जन्म दिया था, उनमें से एक शावक की एक नर वनभैंसा के चोट लगने से मौत हो गई है। वनभैंसों के प्रजनन से लेकर मौत सामान्य घटना है, लेकिन सवाल उठ रहा है कि आखिर विभागीय अफसर वनभैंसा प्रजनन को लेकर गोपनीयता क्यों बरत रहे हैं।

वनभैंसा को राजकीय पशु का दर्जा होने की वजह से वनभैंसों की प्रजनन से लेकर मौत होने तक की घटना सार्वजनिक करने का नियम है। वाइल्ड बफेलो शेड्यूल-1 प्रजाति का वन्यजीव है। असम से जो वनभैंसा लाए गए थे, उन वनभैंसो का उदंती-सीतानदी के वनभैंसा केंद्र के नर वनभैंसों से ब्रिडिंग कराने की योजना थी। उदंती में के बाड़े में रह रहे वनभैंसों के मुर्रा भैंसा होने की पुष्टि होने की वजह से असम से लाए गए वनभैसों का ब्रिडिंग नहीं कराया गया। प्योर नस्ल का छोटू नामक वनभैंसा की उम्र 25 वर्ष के करीब है। ऐसे में उससे ब्रिडिंग कराना संभव नहीं है।



### असम से और वनभैसा लाने की तैयारी

*विभागीय सूत्रों के मुताबिक राज्य में वनभैसों की संख्या बढ़ाने असम से और वनभैंसा लाने की योजना बनाई जा रही है। बाड़े के अंदर वनभैसों का सही तरीके से संरक्षण, संवर्धन नहीं होने की स्थिति में असम से और वनभैंसा लाए जाने की योजना पर जानकार सवाल खड़े कर रहे हैं। जानकारों के अनुसार असम से लाए गए वनभैसों को उनके खुले प्राकृतिक रहवास में छोड़ा जाना है। पांच साल बाद भी असम से लाए गए वनभैसों को बाड़े में रखा गया है। इसे लेकर भी जानकार सवाल उठा रहे हैं।*

### ऐसे में कैसे राजकीय पशु हुआ

असम से लाए गए वनभैंसा का वहीं से लाए गए नर वनभैंसा से ब्रिडिंग कराकर बारनवापारा में वनभैसों की संख्या बढ़ाई जा रही है। असम से लाए गए वनभैंसों का छत्तीसगढ़ के वनभैसों का जेनिटिक मिलान नहीं है। ऐसे में क्या असम के वनभैंसों को छत्तीसगढ़ का राजकीय पशु माना जाएगा। यहां के नर वनभैसों से ब्रिडिंग होने पर जेनेटिक मिलान होने पर राजकीय पशु का दर्जा देना उचित था।

### मौत होने के बाद मिली जानकारी

बारनवापारा, कोठारी स्थित खैरछापर वनभैंसा संरक्षण एवं संवर्धन केंद्र में शावक की मौत वनभैसों को चारा डालने के बाद होने की बात सामने आई है। बताया जा रहा है, बाड़े के अंदर वनभैंसा चारा खाने के लिए पहुंचे। उसी दौरान शावक अपनी मां का दूध पीने के लिए पहुंचा। इस दौरान एक नर वनभैंसा ने अपने सिंग से या पैर से शावक पर हमला कर दिया। गहरी चोट लगने की वजह से शावक का इंटरनल पार्ट बुरी तरह से डैमेज हो गया और उसकी मौत हो गई। शार्ट पीएम रिपोर्ट में अंदरूनी चोट लगने से शावक की मौत होने की पुष्टि हुई है।

### केंद्र में बॉयोलॉजिस्ट से लेकर डॉक्टर तक नहीं

बारनवापारा में संचालित वनभैंसा संरक्षण, संवर्धन केंद्र को सीजेडए से मान्यता तक नहीं मिली है। केंद्र को अवैध रूप से संचालित किया जा रहा है। इस वजह से केंद्र में अब तक नियमित बॉयोलॉजिस्ट से लेकर डॉक्टर की नियुक्ति नहीं की गई है। वनभैसों का स्वास्थ्य परीक्षण करने रायपुर से वन्यजीव डॉक्टर जाते हैं।

### सामाजिक समरसता ओडिशा यात्रा 4 अक्टूबर से

**रायपुर।** यादव ठेठवार समाज प्रांतीय युवा प्रकोष्ठ के नेतृत्व में चतुर्थ सामाजिक समरसता यात्रा आगामी 4 अक्टूबर को रायपुरा स्थित सामाजिक ठेठवार भवन से प्रातः 5 बजे ओडिशा के लिए रवाना होगी। लगभग 100 यात्रियों ने पंजीयन कराया है। यह यात्रा दुर्ग, पाटन, रायपुर, महासमुंद, बागबाहरा, खल्लारी, खरियार रोड, नुआपाड़ा होते हुए तड़बोड़ (ओडिशा) पहुंचेगी, जहां भव्य सामाजिक सभा का आयोजन होगा। इसके पश्चात यात्रा पुरी, चंद्रभागा, कोणार्क, भुवनेश्वर और हीराकुंड होते हुए खल्लारी में सम्पन्न होगी।

सुयश हॉस्पिटल
(NABH से मान्यता प्राप्त)
किडनी रोग विभाग
किडनी फेलयर (ARF/CRF)
डायलिसीस
बच्चों की किडनी की समस्त प्रकार की बीमारी
नेफ्रोटिक सिंड्रोम
हाई बीपी (HIGH BP)
PCNL
AV FISTULA
24 Hours Helpline
9926386660
कोटा–गुढ़ियारी रोड़, होटल पिकाडली के पीछे, रायपुर
Ajay 9827144371

टैक्सी चाहिए
रायपुर शहर में रात्रि कालीन पेपर पार्सल ले जाने हेतु टाटा एस, टाटा मैजिक, ईको की आवश्यकता है।
इच्छुक व्यक्ति टैक्सी की संपूर्ण कागजात के साथ प्रसार विभाग में संपर्क करें।
समय : 11 बजे से दोपहर 01 बजे तक
हरिभूमि
कार्यालय, धमतरी रोड, टिकरापारा, रायपुर

सभी प्रकार की कॉस्मेटिक सर्जरी व रीकन्सक्ट्रीव सर्जरी
कालडा हॉस्पीटल में
जबड़े, नाक, होंठ आदि के टेढ़ेपन व अन्य विकृतियों व सभी प्रकार की कॉस्मेटिक सर्जरी, रीकन्सट्रक्टीव सर्जरी, ब्रेकियल फ्लैक्सेस इंज्यूरी (हाथ के नसों की सर्जरी)
आर.के.सी. के सामने, जी.ई. रोड, चौबे कालोनी गंगा डायग्नोस्टिक्स के उपर, कलर्स माल के पास, पचपेढ़ी नाका, रायपुर (छ.ग.)
9827143060
Ajay Advt.

स्वामी जी-93406-38884
ज्योतिर्लिंग
By Train-रिजर्वेशन कोच
7 ज्योतिर्लिंग यात्रा
श्री द्वारिकाधीश, श्री भेंट द्वारिका, सोमनाथ, नागेश्वर, ओमकालेश्वर, महाकालेश्वर, भीमाशंकर, घृष्णेश्वर, ममलेश्वर, रूखमणि मंदिर, गोपी तालाब, त्रयम्बकेश्वर, शिरडी सांई बाबा, शनि सिंघ्नापुर, नाशिक, पंचवटी, हनुमान जन्म स्थल
यात्रा दिनांक
28 अक्टूबर 2025
10 नवंबर 2025
16 दिसंबर 2025
18 जनवरी 2026
11 दिन की यात्रा
राशिः स्लीपर-18501/- ऑफर 16,501/-, 3AC-28,501/-ऑफर 27,501/-
स्वामी तीर्थ यात्रा
संपूर्ण छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, महाराष्ट्र राज्य में सबसे कम दरों पर तीर्थ यात्रा
91111-11866
Head Office : सिटी सेंटर मॉल ग्राउण्ड फ्लोर पावर हाउस रोड कोरबा (छ.ग.)

online Booking:-www.tripuryatra.com
स्लीपर मात्र 9,100/-
25 सितंबर 2025 तक बुकिंग कराने पर
31 सीटें शेष
रायपुर, बिलासपुर, चाम्पा, रायगढ़ से होकर
स्पेशल ट्रेन
04 अक्टूबर से 10 अक्टूबर 2025 (7 दिन)
गंगा सागर यात्रा
गंगा सागर, श्री जगन्नाथ पुरी, माँ कामाख्या देवी
ऑफर राशि स्लीपर 9,100/-, 3 एसी-16,500/-, 2 एसी 21,500/- (+5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
संपर्क करें:- 7354-411411

|| संकल्प ||
Chhattisgarh Tourism Board
मा. श्री विष्णु देव साय जी मुख्यमंत्री छत्तीसगढ़ शासन
मा. डॉ. रमन सिंह जी विधान सभा अध्यक्ष
नवरात्रि एवं रास गरबा उत्सव समिति
शंकर नगर, रायपुर
कार्यक्रम प्रमुख
मा. संजय श्रीवास्तव
अध्यक्ष - छत्तीसगढ़ राज्य नागरिक आपूर्ति निगम
माँ मालती देवी फाउण्डेशन
प्रतिदिन हीरे की अंगूठी
Print Media हरिभूमि
Electronic Media INH
Radio Partner MY FM
PVR
Presents
Dandiya beats 2025
अनीता खंडेलवाल संयोजिका
सुनीला अग्रवाल संयोजिका
पुष्पा जैन संयोजिका
संगीता मिश्रा संयोजिका
EVENT MANAGED BY: AMAR ENTERTAINMENT HOUSE - By Amarjeet Singh
SPONSORED BY
avinash a relation for life
SAGAR TMT & PIPES
Pankaj Group
Travels
BARBETOS
sutraa
MATHS & SCIENCE ACADEMY (MSA)
Vardhman
विशेष सहयोगी -
डॉ. अजय सहाय
कोमल ट्रेडर्स
मिलिंद गौतम, अमरजीत सिंह, दीपक श्रीवास्तव, अंकुर अग्रवाल, राजेश गुप्ता, मनोज खुड़िया, रिंकू भाखरे
22 सितम्बर से 1 अक्टूबर 2025
रात्रि 9 बजे से
बीटीआई ग्राउंड, शंकर नगर, रायपुर

02

'हिंद युग्म उत्सव' में तीन पीढ़ियों का ....




# रोजगार के बिना नहीं बसेगा नया रायपुर, पहले लाना होगा व्यवसाय

*रायपुर। हरिभूमि-आईएनएच न्यूज के सृजन संवाद रियल एस्टेट कॉन्क्लेव- 2025 के चौथे सत्र में प्रधान संपादक डॉ. हिमांशु द्विवेदी ने बिल्डरों से नया रायपुर के विकास की संभावनाओं और चुनौतियों पर चर्चा की। इस दौरान बिल्डर्स ने कहा कि सरकार की लीडरशिप से डेवलपमेंट कार्यों में तेजी आई है। उन्होंने यह भी सुझाव दिया कि कमर्शियल प्रॉपर्टीज को भी फ्री-होल्ड किया जाना चाहिए। साथ ही रोजगार के अवसर बढ़ाने पर जोर दिया, ताकि लोग केवल घर खरीदने ही नहीं, बल्कि बसने के लिए भी नया रायपुर आएं। इस चर्चा में अविनाश ग्रुप के एमडी आनंद सिंघानिया, रामा ग्रुप के एमडी राजेश अग्रवाल, फेयरवे गोल्फ लेक रिसॉर्ट के एमडी महेश वाधवानी, आनंदम वर्ल्ड सिटी के एमडी राजेश सरावगी व जोरा द मॉल के चेयरमैन विजय झंवर शामिल रहे।*

***सवालः नया रायपुर में पिछले कुछ समय से तेजी देखने को मिल रही है। क्या बदल रहा है?***
जवाबः लीडरशिप बड़ा रोल प्ले करती है। पहले यहां रेट 50-60 लाख तक थे, जो आज बढ़कर लगभग पौने दो करोड़ तक जा पहुंचे हैं। विजन और कार्यप्रणाली में बदलाव आया है।

***सवालः 2006 में जब नया रायपुर बन रहा था, तभी से सड़क चौड़ीकरण, पेड़, केबलिंग जैसी सुविधाएं थीं और शहर साफ-सुथरा है, लेकिन फिर भी लोग वहां नहीं दिखते, क्यों?***
जवाबः जब तक व्यवसाय नहीं होगा, लोग नया रायपुर में नहीं बसेंगे। सरकार ने पैसे तो लगाए, लेकिन लोगों को ऐसी सिटी चाहिए, जहां रोजगार भी मिले। केवल रहने के लिए वहां जाना मुश्किल है। इसलिए व्यवसाय लाना जरूरी है।

***सवालः अगर नया रायपुर 25 किमी दूर कृषि विश्वविद्यालय के पास बसाया जाता तो शहर कहां तक फैल चुका होता? आपका नजरिया क्या कहता है?***
जवाबः प्रोजेक्ट कैसे आते हैं, सरकार प्लॉट कैसे अलॉट करती है और बिल्डर्स किस तरह डेवलपमेंट करते हैं, यह सब उस पर निर्भर करता है। अब स्कूल, अस्पताल और अन्य सुविधाएं आ रही हैं, जिससे लोगों का कॉन्फिडेंस बढ़ा है। फ्री-होल्ड रेसिडेंशियल पॉलिसी पहले से लागू है, लेकिन कमर्शियल प्रॉपर्टीज को भी फ्री-होल्ड होना चाहिए।

हरिभूमि आईएनएच न्यूज के सृजन संवाद रियल एस्टेट कॉन्क्लेव- 2025 के चौथे सत्र में प्रधान संपादक डॉ. हिमांशु द्विवेदी ने बिल्डरों से नया रायपुर के विकास की संभावनाओं और चुनौतियों पर चर्चा की।

***सवालः जोरा मॉल बनाना ज्यादा साहसपूर्ण था या नया रायपुर में प्रोजेक्ट लगाना?***
जवाबः जोरा मॉल मेरे लिए कठिन प्रोजेक्ट था। जब मैंने उसे मेन ऑक्शन से लिया, तब तरह-तरह की बातें हुईं कि मैं असफल हो जाऊंगा, लेकिन व्यापार करना जोखिम का ही काम है। नया रायपुर की संभावनाएं इतनी ज्यादा हैं कि आज जो जमीन मिल रही है, 20 साल बाद लोग अफसोस करेंगे कि उन्होंने क्यों नहीं खरीदी।

***सवालः जब आप आनंदम देखते हैं और नया रायपुर देखते हैं तो किसे देखकर ज्यादा संतोष होता है?***
जवाबः सरकार को शिक्षा पर जोर देना चाहिए। मेरा मानना है कि सही लीडरशिप आने के बाद विकास बेहतर होता है। बिल्डर्स को भी पॉवर मिलनी चाहिए, ताकि अगर कोई गलत करता है तो वे उसे रोक सकें। मैंने खुद नियम बनाया था कि प्लॉट नहीं बेचूंगा। मेरे पास 350 प्लॉट थे और मैंने तय किया था कि सिर्फ 350 विला ही बनेंगे।






# रियल एस्टेट कॉन्क्लेव में बिल्डर्स बोले- एफएआर आधारित जोनिंग से थमेगी जमीन की जमाखोरी

## हरिभूमि-आईएनएच न्यूज के सृजन संवाद कॉन्क्लेव-2025 के तीसरे सत्र में रियल एस्टेट की चुनौतियों पर चर्चा

*हरिभूमि-आईएनएच न्यूज के सृजन संवाद रियल एस्टेट कॉन्क्लेव-2025 के तीसरे सत्र में प्रधान संपादक डॉ. हिमांशु द्विवेदी ने बिल्डरों से जमीन की कीमतों के साथ हाउसिंग मकानों को लेकर चर्चा की। बिल्डर्स ने रायपुर में बढ़ती जमीन दरों को देखते हुए शहर की बची जमीन के उपयोग पर जोर दिया। चर्चा से सुझाव आया कि शहर को जोन में बांटकर एफएआर फिक्स किया जाए और जो पहले उपयोग करे, उसे अधिक एफएआर मिले। इससे जमीन का बेहतर उपयोग हो पाएगा। इस पैनल चर्चा में आरसीपी इंफ्राटेक पॉवर लिमिटेड के सीएमडी राकेश पांडेय, राहेजा ग्रुप के एमडी संजय राहेजा, रियल स्पेस पॉवर लिमिटेड के एमडी रमेश अग्रवाल और पीएनबी के जोनल मैनेजर आशीष चतुर्वेदी शामिल हुए।*

***सवालः छत्तीसगढ़ को 25 साल हो गए हैं। क्या अब यहां रीयल एस्टेट का सेचुरेशन आ चुका है, या सही मायनों में रियल एस्टेट की असली शुरुआत अब हो रही है?***
**जवाब**ः छत्तीसगढ़ अब जवान हो चुका है और नई सरकार के साथ प्रदेश को नया स्वरूप भी मिला है। वर्तमान में सबसे बड़ी चुनौती अवैध प्लाटिंग है, जो जल्द ही खत्म हो सकती है। एसडीएम को अधिकार है कि वे किसी भी अवैध संपत्ति को राजसात कर सकते हैं। यदि उन्हें यह पॉवर प्रभावी रूप से दिया जाए तो इस समस्या का समाधान संभव है। दरअसल पिछले 30 वर्षों में पर्याप्त आवासीय जमीन उपलब्ध नहीं थी, इसलिए अवैध प्लाटिंग बढ़ी। अब जमीन की उपलब्धता आसान होगी तो यह चुनौती स्वतः समाप्त हो जाएगी।

***सवालः अवैध प्लाटिंग और बिल्डरों की जमीन की कीमतों में इतना अंतर क्यों होता है? बिल्डरों को इतना अधिक मुनाफा क्यों चाहिए?***
जवाबः शहर के भीतर बड़ी संख्या में मूल्यवान जमीनें निजी लोगों द्वारा संग्रहित की जा चुकी हैं। आज बिल्डरों को प्रोजेक्ट शुरू करने के लिए 10-15 किलोमीटर दूर जाना पड़ता है। हम चाहते हैं कि शहर के भीतर की जमीनों का भी उपयोग हो, इसके लिए सरकार को रास्ता निकालना चाहिए। इससे जमीन की उपलब्धता बढ़ेगी और कीमतें घटेंगी। हमारा सुझाव है कि पूरे शहर को विभिन्न जोन में बांटकर वहां का एफएआर फिक्स किया जाए। जो पहले जमीन का उपयोग करेगा, उसे अधिक एफएआर मिले। इससे जमीन की जमाखोरी भी रुकेगी और रियल एस्टेट सेक्टर को दिशा मिलेगी।

***सवालः छत्तीसगढ़ में इस वक्त डिमांड और सप्लाई का संतुलन किस तरह का है? यहां दो तरह के प्रोजेक्ट देखने को मिलते हैं, इसकी क्या वजह है?***
जवाबः रायपुर में आज भी लोगों की मानसिकता अपनी छत और अपनी जमीन की है। लोग अभी तक इस सोच से पूरी तरह बाहर नहीं निकल पाए हैं। वर्टिकल डेवलपमेंट की गति यहां धीमी है, इसका एक कारण यह भी है कि जमीन की उपलब्धता अब भी पर्याप्त है, लेकिन अब जिस रफ्तार से जमीन के दाम बढ़ रहे हैं, डेवलपर्स के पास विकल्प सीमित होते जा रहे हैं। आगे जाकर वर्टिकल डेवलपमेंट ही एकमात्र रास्ता बचेगा।

***सवालः आजकल कई बिल्डर्स 10-20 मकान बनाते हैं, फिर फ्लैट पकड़ा देते हैं, ये मुनाफे का फायदा इतना ज्यादा क्यों बाहर आया है?***
जवाबः यह पूरा खेल डिमांड और सप्लाई का है। रायपुर क्षेत्र में फिलहाल प्लॉट की डिमांड अधिक है, खासकर मध्यम वर्ग की ओर से। क्योंकि यह वर्ग एक साथ बड़ा निवेश करने की स्थिति में नहीं होता, इसलिए किस्तों में फ्लैट खरीदना उनके लिए सुविधाजनक होता है। आजकल जितनी भी कॉलोनियां बन रही हैं, उनमें डेवलपर्स पहले से प्लानिंग करते हैं कि पूरे प्रोजेक्ट का एलिवेशन एक जैसा और आकर्षक दिखे, जिससे फ्लैट्स की बिक्री में भी बढ़त मिलती है।

***सवालः रमेश जी, आप पहले जिन लोगों को लोहा देते थे, आज आप खुद रियल एस्टेट में सक्रिय हैं। ऐसा क्या बदला कि आप इस क्षेत्र में आ गए?***
जवाबः छत्तीसगढ़ बहुत तेजी से विकास कर रहा है। यहां लगातार बढ़ती मांग को पूरा करने के लिए सिर्फ सप्लाई नहीं, बल्कि डेवलपमेंट की जरूरत है। मुझे महसूस हुआ कि रियल एस्टेट में अब खुद को डेवलप करके ज्यादा योगदान दिया जा सकता है। यही कारण है कि मैं खुद इस क्षेत्र में सक्रिय हुआ हूं। रीयल एस्टेट में और भी लोगों की जरूरत है, जो इसे नई दिशा दे सकें।

***सवालः दो हाउसिंग सेगमेंट हैं। एक अफोर्डेबल और दूसरा लग्जरी, फिर बिल्डर्स का लग्जरी हाउसिंग की तरफ ज्यादा झुकाव क्यों है?***
जवाबः समाज में हर तरह के लोग हैं। कुछ को अफोर्डेबल हाउसिंग चाहिए तो कुछ ऐसे भी हैं जो बेहतर सुविधाओं और प्रीमियम माहौल वाली सोसायटी में रहना चाहते हैं, जहां परिवार के साथ एक अच्छा जीवन स्तर मिल सके। अगर हम लग्जरी सुविधाएं देते हैं तो उसकी कीमत थोड़ी ज्यादा होना स्वाभाविक है। आने वाले समय में सभी वर्गों को ध्यान में रखते हुए बैलेंस प्रोजेक्ट्स तैयार किए जाएंगे। रायपुर में जमीन के रेट तेजी से बढ़ रहे हैं, जिससे नई जमीन खरीदकर डेवलप कर बेचना पहले जितना आसान नहीं रहा। इसलिए अब फोकस इस पर होना चाहिए कि पुरानी प्रॉपर्टी को कैसे बेहतर बनाया जाए।

***सवालः छत्तीसगढ़ में आपका क्या अनुभव रहा? क्या यहां लोग अपनी हैसियत के अनुसार मकान लेते हैं या बड़े मकानों की ओर झुकाव ज्यादा है?***
जवाबः छत्तीसगढ़ में लोग अपनी जरूरत और हैसियत के अनुसार मकान चुनते हैं, लेकिन अब बड़ा और बेहतर मकान लेने की सोच भी बढ़ रही है। खासकर जो लोग खुद उसमें रह रहे हैं, उनके मकानों में लोन डिफॉल्ट काफी कम हुआ है। एक रिपोर्ट के मुताबिक, रायपुर भारत के सबसे तेजी से विकसित हो रहे शहरों में तीसरे स्थान पर है। यहां हाउसिंग की डिमांड बनी हुई है। नया रायपुर तेजी से ग्रो कर रहा है और अभी भी वहां जमीनें सस्ती हैं। जैसे ही वहां का इंफ्रास्ट्रक्चर पूरी तरह तैयार होगा, आने वाले 10 सालों में हम देखेंगे कि पुराना रायपुर धीरे-धीरे नए रायपुर की ओर शिफ्ट हो रहा होगा।

# उप मुख्यमंत्री से बिल्डर्स ने की बात, अवैध प्लाटिंग और जलभराव पर मांगा ठोस समाधान


डिप्टी सीएम अरुण साव का स्वागत करते हरिभूमि के स्थानीय संपादक धनंजय वर्मा


ग्रामीण विधायक मोतीलाल साहू का स्वागत हरिभूमि यूनिट हेड अनिल गहलावत ने किया


धरसींवा विधायक अनुज शर्मा का स्वागत हरिभूमि के आईटी हेड संजीव धीमान ने किया

*हरिभूमि-आईएनएच न्यूज द्वारा आयोजित सृजन संवाद रियल एस्टेट कॉन्क्लेव के दौरान शहर के बिल्डर्स ने उप मुख्यमंत्री से सीधे संवाद किया। इस दौरान उन्होंने नालियों की सफाई, जलभराव की समस्या और अवैध प्लाटिंग जैसे महत्वपूर्ण मुद्दों पर सुझाव रखे। बिल्डर्स ने मांग की कि अवैध प्लाटिंग करने वालों के खिलाफ दर्ज एफआईआर के बाद सख्त कार्रवाई सुनिश्चित की जाए, ताकि रियल एस्टेट सेक्टर में पारदर्शिता और नियमों का पालन हो सके।*

## सवाल-जवाब

कार्यक्रम में उपस्थिति बिल्डरों के सवालों के जवाब भी उप मुख्यमंत्री अरुण साव ने दिए। राकेश पांडेय का सवाल- शहर में जलभराव की बात की जाती है, इसके लिए नाले के अंतिम छोर तक सफाई ही नहीं होती, ऐसा होने से समस्या समाप्त हो सकती है। जून के स्थान पर अक्टूबर से ही सफाई प्रारंभ होनी चाहिए?



अरुण साव- नालियों की सफाई समय से हो और अंतिम छोर तक हो, इसको लेकर कार्य किया जाएगा।

आनंद सिंघानिया का सवाल- वॉटर सप्लाई ठीक होनी चाहिए, कालोनाइजर लाइसेंस समाप्त हो और अवैध प्लाटिंग करने वालों को सजा मिले?

अरुण साव- राजधानी में पानी की समस्या को दूर करने के लिए प्रदेश सरकार गंभीर है। इसके लिए नगर निगम को बड़ी राशि दी गई है, योजना बनाकर काम किया जा रहा है। कालोनाइजर लाइसेंस को लेकर इसकी समीक्षा करने के निर्देश दिए गए हैं, अगर यह जरूरी नहीं होगा तो इसको समाप्त किया जाएगा। अवैध प्लाटिंग करने वालों के खिलाफ एफआईआर कराई गई है, निश्चित ही उनके खिलाफ कड़ी कार्रवाई होगी।




वित्त मंत्री ओपी चौधरी व धरसींवा विधायक अनुज शर्मा का स्वागत करते हरिभूमि के संपादक समन्वयक ब्रह्मवीर सिंह



कार्यक्रम का संचालन आईएनएच न्यूज की समाचार संपादक व वरिष्ठ एंकर सोनल भरतद्वाज ने किया

समाज इवेंट

## मराठी उद्यमियों को बेहतर मुकाम देगा सैटरडे क्लब



रायपुर। महाराष्ट्रीयन लोग ज्यादातर नौकरी पर केंद्रित रहते हैं। व्यापार की ओर जाने वालों की संख्या कम है। अगर कुछ लोग व्यापार की ओर चले भी जाएं तो उनके सामने मार्गदर्शन का अभाव बना रहता है। ऐसे युवा मराठी उद्यमियों को मार्गदर्शन देने और उनके उद्यम को घर और गांव से निकालकर देश के कोने-कोने तक पहुंचाने का काम 'सैटरडे क्लब ग्लोबल ट्रस्ट' कर रहा है। महाराष्ट्र से शुरू हुआ यह क्लब देश के कई राज्यों में 140 से अधिक चैप्टर बना चुका है। अब रायपुर के मराठी उद्यमियों के व्यापार को विस्तार देने यहां पहुंचा है। महाराष्ट्र मंडल रायपुर के छत्रपति शिवाजी महाराज सभागृह में कुछ इसी तरह के संवादों का सिलसिला चला। शनिवार को सैटरडे क्लब की इंट्रोडक्टरी मीटिंग में पहुंचे डिप्टी जनरल सेक्रेटरी सुभाष गोरे ने संस्था के उद्देश्य पर प्रकाश डाला।

### 30 मराठी उद्यमियों को जोड़कर करेंगे काम

बताया कि मराठी व्यापारियों के उत्पादों को राष्ट्रीय स्तर पर पहचान दिलाने का काम क्लब करता है। रायपुर चैप्टर के लिए सुबोध टोले ने सदस्यता ली है। जल्द ही कम से कम 30 मराठी उद्यमियों को जोड़कर काम को आगे बढ़ाएंगे। नागपुर चैप्टर के चेयरपर्सन भागेश महाजन ने बताया कि सैटरडे क्लब ग्लोबल ट्रस्ट से जुड़े उद्यमियों की कड़ी है। इसमें हर 15 दिन में एक बिजनेस नेटवर्किंग बैठक होती है। एक-दूसरे से व्यवसाय पर चर्चा होती है। इसका लाभ उद्यमियों को मिलता है। नागपुर चैप्टर मेंबर अंकुश हारकरे, मंडल सचिव चेतन दंडवते, व्यवसायी शशि वरवंडकर के साथ अभिषेक बक्षी, वैशाख कुसरे, अरविंद जोशी, परितोष डोनगांवकर, अजय पोतदार, नवीन देशमुख, प्रवीण क्षीरसागर इसमें प्रमुख रूप से शामिल हुए।

## पाम बेलाजियो में इस नवरात्रि मचेगी गरबा महोत्सव की धूम

*रायपुर। पाम बेलाजियो रेजिडेंशियल सोसायटी में इस बार नवरात्रि महोत्सव भव्य तरीके से मनाया जाएगा। 22 सितंबर को माता की स्थापना के साथ ही भव्य आयोजनों की शुरुआत होगी। इसमें प्रतिदिन गरबा में अतिरिक्त माता की चौकी और मंगल पाठ का भी आयोजन किया जाएगा। पाम धार्मिक उत्सव समिति के संयोजक अशोक अग्रवाल ने बताया कि पाम बेलाजियो सोसायटी में तीन वर्षों से नवरात्रि गरबा महोत्सव बड़े धूमधाम और श्रद्धाभाव से मनाया जाता रहा है। यह आयोजन केवल धार्मिक और सांस्कृतिक महत्व को ही नहीं दर्शाता, बल्कि समाज को एक साथ जोड़ने का काम करता है। हर साल नवरात्रि के पावन अवसर पर सोसायटी परिसर मां दुर्गा की भक्ति में सराबोर हो जाता है। रंगबिरंगी साज-सज्जा, गरबा की ताल पर थिरकते कदम और मातारानी के जयकारों से वातावरण भक्तिमय और आनंदमय बन जाता है। इस महोत्सव में बच्चे, युवा और बुजुर्ग सभी उत्साह से भाग लेते हैं। गरबा और डांडिया के साथ-साथ समाज के लोग एक-दूसरे से मिलते हैं और सांस्कृतिक एकता का आनंद भी लेते हैं। इससे माता की आस्था में उत्सव का माहौल हर रात बनता है।*

● पं. दीनदयाल उपाध्याय ऑडिटोरियम में जुटे बुद्धिजीवी

# 'हिंद युग्म उत्सव' में तीन पीढ़ियों का संगम, साहित्यकारों ने साझा किया छपती किताबों से लाखों की रॉयल्टी का सफर

पं. दीनदयाल उपाध्याय ऑडिटोरियम में शनिवार को चौथे 'हिंद युग्म उत्सव' का शुभारंभ हुआ। यह आयोजन न केवल हिंदी साहित्य प्रेमियों के लिए एक सौगात बना, बल्कि देशभर से आए साहित्यकारों, कवियों और लेखकों का अनोखा संगम भी देखने को मिला।

**रायपुर।** इस उत्सव के मुख्य आकर्षण रहे देश के वरिष्ठ कवि-कथाकार विनोद कुमार शुक्ल, जिन्हें उनके चर्चित उपन्यास 'दीवार में एक खिड़की रहती थी' की अभूतपूर्व सफलता के लिए सम्मानित किया गया। प्रकाशक की ओर से उन्हें 30 लाख रुपए की प्रतीकात्मक रॉयल्टी प्रदान की गई। इस अवसर पर अपने अंदाज में विनोद कुमार शुक्ल ने मंच से कहा, मैं कुछ जोर से बोलूंगा, क्योंकि मुझे कम सुनाई देता है। जोर से बोलूंगा तो मैं भी सुन पाऊंगा...' उनकी यह सरल बात भी हास्य और आत्मीयता से भरी थी। उनकी सादगी और आत्मनिष्ठा श्रोताओं के दिलों को छू गई। उनकी नई किताब "कहानियों का कहानियांना" का विमोचन हुआ। इस किताब का शीर्षक अपने आप में एक चर्चा का विषय बन गया। इस संदर्भ में लेखक ने कहा, यह शब्द बिल्कुल नया है। 'कहानियांना' हिंदी कोष में कहीं नहीं मिलेगा। जब मुझे अपनी अभिव्यक्ति के लिए कोई शब्द नहीं मिलता, तो मैं नया शब्द बना लेता हूं।







### हिंदी के स्वर्णिम क्षण, लेखकों के संघर्ष



पहले लेखकों के पास पैसे नहीं हुआ करते थे, वे चंदा इकट्ठा कर एक किताब प्रकाशित करते थे, लेकिन बदलते समय के साथ लेखकों में कई सुधार देखने को मिले हैं, जिसका श्रेय प्रकाशन और पाठकों को जाता है। हिंदी साहित्य में यह एक ऐतिहासिक क्षण है, ऐसा क्षण बीते सैकड़ों सालों में कभी नहीं आया। ये शब्द हिंदी साहित्य जगत के प्रसिद्ध लेखक नरेश सक्सेना के हैं, जिन्होंने लेखक विनोद कुमार शुक्ल और अपनी दोस्ती को लेकर संबोधन में जिक्र किया। कहा, मेरी उम्र 18-19 साल की थी, जब मैं विनोद कुमार शुक्ल से मिला था। उस वक्त हम हिंदी साहित्य के प्रसिद्ध व्यंग्यकार व लेखक हरिशंकर परसाई के घर पर हर शाम मिला करते और वहां अपनी कहानियों व कविताओं को सुनाते।

### सर्द रात, चाय की पहली चुस्की और दोस्ती के किस्से

लेखक नरेश सक्सेना ने पुरानी यादों के पिटारों से कई यादगार पलों को दर्शकों के समक्ष साझा किया। इस दौरान उनकी आंखों में चमक और चेहरे पर मुस्कान अपने दोस्त की उन्नति को लेकर देखने को मिल रही थी। कहा, एक बार सर्दियों की रात थी और अंधेरा होने के कारण सिनेमाहॉल के बाहर हमें पूरी रात गुजारनी पड़ी थी। वो दिन हमें आज भी याद है, जहां सिनेमाहॉल के नजदीक चाट स्टॉल पर आखिरी और पहली चाय हमने पी थी। आज हमारी दोस्ती को कई साल हो गए, मैं विनोद कुमार के पीछे-पीछे इस मुकाम तक पहुंच पाया हूं।

### आउटसाइडर हिंदी लेखन एक सकारात्मक बदलाव

हिंदी साहित्य के आउटसाइडर विषय के सत्र में सुशील कुमार, आनंद कश्यप और अश्वनी प्रताप मंच पर उपस्थित रहे, जिन्होंने हिंदी साहित्य में बाहर से आउ लेखकों और नव युवाओं के हिंदी शब्दकोष को लेकर चर्चा की। कहा, बीते 10-15 सालों में इलेक्ट्रॉनिक मीडिया का जैसे-जैसे चलन बढ़ता गया, वैसे ही आउटसाइडर हिंदी लेखक भी बढ़े हैं, जो एक सकारात्मक बदलाव है। छायावाद, प्रगतिवाद और प्रयोगवाद में सभी भाव में लेखन किया जाता है, जहां प्रत्येक लेखक का सम्मान होता रहा। अब तक हिंदी भाषा की किताबों में साहित्यिक लिखा जा रहा था, लेकिन अब उसे आउटसाइडर हिंदी लेखक सरल शब्दों में लिखने का प्रयास कर रहे हैं।








समाज इवेंट

# योग के आसन देख चकित हुए जज टेक मेला में बच्चों ने सजाए प्रोजेक्ट





**रायपुर।** अग्रसेन धाम में लगतार तीसरे दिन भी अग्रवाल सभा द्वारा आयोजित अग्रसेन जयंती की धूम रही। सभा के अध्यक्ष विजय अग्रवाल और प्रचार प्रसार प्रभारी योगेश अग्रवाल, प्रमोद जैन के मार्गदर्शन में मुख्य कार्यक्रम की श्रृंखला में अग्रजनों ने बढ़-चढ़ कर अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। इस कड़ी में योग प्रतियोगिता आयोजित की गई, जिसमें सभी प्रतिभागियों को दो आसन अपनी पसंद और दो आसन जजों की पसंद से करने थे। इसे सभी ने बड़ी आसानी से करते हुए जजों को आश्चर्य में डाल दिया। प्रतिभागियों ने सूर्य नमस्कार, पद्मासन, वज्रासन, भुजंगासन, सर्वांगासन, मयूरासन और नौकासन से जजों को हैरान किया। वहीं टेक मेला विज्ञान की रंगीन दुनिया मासूम बच्चों ने सजाई। प्रोजेक्ट एक्सपेरिमेंट को सेटअप करने के लिए 15 मिनट का टाइम मिला। इसके बाद परिचय एवं प्रश्नोत्तरी राउंड से सभी को गुजरना पड़ा।

### जयंती महोत्सव में होंगे येआयोजन

अग्रसेन कार्निवल में रविवार को 12 बजे से अग्रसेन धाम में कई आयोजन होंगे। बुजुर्गों की चौपाल, अनेकों प्रकार के स्टॉल, टैटू, स्केचिंग, नेल आर्ट हर वर्ग के लिए रखा गया है। इसमें 2 वर्ष तक के बच्चों का फोटोशूट होगा। इसके लिए उन्हें घर से तैयार करके लाना होगा। इनका फोटोशूट अग्रसेन धाम में होगा। जयंती रील मेकर में प्रतिभागी को अपने मोहल्ले में आयोजित जयंती कार्यक्रम की एक रील बनाकर लानी होगी।

### मायथोलॉजिकल मैराथन खास




इसके साथ ही 6 से 9 वर्ष के प्रतिभागियों को वर्किंग मॉडल अनिवार्य था, जिसमें सेटअप टाइम 30 मिनट था। इसमें भी परिचय एवं प्रश्नोत्तर राउंड से बच्चों को गुजरना पड़ा, इसमें बच्चे घर से मॉडल बनाकर पहुंचे और प्रतियोगिता का हिस्सा बने। वहीं मायथोलॉजिकल मैराथन का आयोजन खास था। इसमें प्रतिभागियों की उम्र अधिकतम 40 वर्ष थी। इसमें भी आध्यात्मिक, ऐतिहासिक और पौराणिक विषयों से संबंधित क्विज राउंड, एक्टिविटी राउंड, ऑडियो एंड विजुअल राउंड भी शामिल था। अंत में महिला सम्मलेन का सिलसिला चला। इसमें महिला मंडल अध्यक्ष ममता अग्रवाल ने बताया कि कार्यक्रम का उद्घाटन पूर्व सांसद सरोज पांडे, विधायक पंडरिया भावना बोहरा, सरिता अग्रवाल द्वारा दीप प्रज्ज्वलन कर किया गया।

## छत्तीसगढ़ कॉलेज में एलुमनी मीट, दिनभर रौनक, साझा की पढ़ाई और ग्रुप से जुड़ी यादें

# 40 साल पुराने दोस्तों से मिलकर खिले चेहरे हंसी-ठिठोली के साथ बांटे सुख-दुख के पल

शहर के शासकीय जे. योगानंदम छत्तीसगढ़ कॉलेज का माहौल शनिवार को पुरानी यादों से सराबोर रहा। एलुमनी मीट एसोसिएशन द्वारा आयोजित भूतपूर्व छात्र सम्मेलन में 1980 से 2020 के बीच पढ़ने वाले 500 से अधिक पूर्व विद्यार्थी एक बार फिर अपने कॉलेज लौटे।



**रायपुर।** सम्मेलन में आते ही सभी ने एक-दूसरे को गले लगाते हुए पुराने दिनों की यादें ताजा कीं। किसी ने सहपाठी को पुराने नाम से पुकारा तो किसी ने डिपार्टमेंट की सीट पर बैठकर किस्से-कहानियां सुनाए। इससे कॉलेज परिसर मानो छात्र जीवन की सुनहरी यादों के गुलदस्ते जैसा सज गया। कॉलेज की गलियों से लेकर कक्षा तक हंसी और उत्साह का माहौल रहा। छात्र-छात्राएं अपने पुराने साथियों से मिलते ही अतीत के किस्सों में डूब गए। कोई कैंटीन की चाय को याद कर रहा था तो कोई परीक्षा के लिए रातभर की पढ़ाई। वहीं कुछ एलुमनी अपने पसंदीदा शिक्षकों के साथ बिताए लम्हों को साझा कर भावुक हो उठे। कुछ पूर्व छात्र-छात्राओं ने हरिभूमि से बातचीत के दौरान पुरानी यादों को साझा किया।

### फ्रेंड्स फॉरेवर ग्रुप से जुड़े दोस्त



चंचल दीवान एंथ्रोपोलॉजी की छात्रा थीं, बातचीत के दौरान अपने दोस्तों के बारे में बताया। उन्होंने बताया कि वर्तमान में शिक्षा के क्षेत्र में कार्यरत हूं। कुछ दोस्तों से ही मुलाकात हो पाई, लेकिन यह हमारे लिए बहुत बड़ी बात है कि एक बार फिर हम साथ में पुराने लम्हों को याद कर रहे हैं। हम ग्रुप में ही आए हैं, जैसे कॉलेज के दिनों में क्लास जाते थे। यह बस एक टुकड़ा है, हमारे ग्रुप फ्रेंड्स फॉरेवर में 8 से 10 विद्यार्थी थे। कॉलेज की बात करें तो ग्रुप सबसे ज्यादा चर्चा में रहता था, चाहे पढ़ाई, बदमाशी हो या काम। कॉलेज के फंक्शन में जान डाल देते थे। कोई प्रैक्टिकल बनाना हो तो सब एक साथ आकर ग्रुप में ही करते थे, ताकि कोई डांट न खाए।





### कॉलेज के पुराने दिनों की याद ताजा

तृप्ति बघेल ने बताया कि मैंने एंथ्रोपोलॉजी की पढ़ाई की। वर्तमान में वित्त विभाग में सहायक लेख अधिकारी हूं। उन्होंने बताया कि बहुत



शार्ट नोटिस पर आई हूं। सबसे पहले गुरुजनों से मिली तो ऐसा लगा कि क्लास के पुराने दिन लौट आए हैं। प्रमिता दुबे और नीरजा सेन दोनों मैडम में वक्त के साथ भी उनके व्यवहार में कोई बदलाव नहीं आया। जितना पहले हर दिन खुशी के साथ पढ़ाती थीं, अभी भी वैसी ही हैं। वर्तमान समय में सीटिंग व्यवस्था बदल गई है। हमारे समय में प्रैक्टिकल लैब जैसी बैंच हुआ करती थी। चारों तरफ बैठकर कॉपी में एक-दूसरे के साथ मस्ती किया करते थे।

### धनीराम की चाट थी बहुत फेमस

संदीप कुमार साहू ने बताया कि जिसे पहले गर्ल्स कॉमन रूम के नाम से जानते थे। अब उसे केमेस्ट्री लैब में बदल दिया गया है। ऐसा महूसस हो रहा है कि दोबारा कॉलेज आए हैं। कुछ देर में कोई लेक्चर होने वाला है।



पुरानी यादें आंखों के सामने आ रहीं और दोबारा उसको हम सब जी रहे हैं। भुगेंद्र कुमर्रा ने बताया कि कॉलेज के बाहर हमारा ग्रुप धनीराम चाट वाले के पास जाता था। यह हमारा रोजाना का रूटीन था। उस समय 10 रुपए में चाट मिल जाती थी, कोई पैसे नहीं लाता था तो सब दोस्त मिलकर उसके पैसे दे देते थे। लेकिन शर्त होती थी अगली बार हमें कुछ खिलाएगा। उन्होंने बताया कि वह दिन जिंदगी का गोल्डन टाइम था, जिसको याद करके उन लम्हों को दोबारा जी रहे हैं।

# बालको मेडिकल सेंटर का छत्तीसगढ़ कैंसर कॉन्क्लेव, जुटे 300 विशेषज्ञ

**रायपुर।** वेदांता मेडिकल रिसर्च फाउंडेशन की इकाई और मध्यभारत में कैंसर उपचार के क्षेत्र में अग्रणी बालको मेडिकल सेंटर ने तीसरे छत्तीसगढ़ कैंसर कॉन्क्लेव का सफल आयोजन किया। इसमें 300 से अधिक अंतर्राष्ट्रीय कैंसर विशेषज्ञ और 1200 से ज्यादा प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया। इनमें ऑन्कोलॉजिस्ट, जनस्वास्थ्य विशेषज्ञ, नीति-निर्माता और शोधकर्ता शामिल रहे। इसका उद्देश्य कैंसर उपचार को सुलभ बनाना, मरीजों के परिणामों में सुधार करना और शोध को आगे बढ़ाना रहा। इस वर्ष "ड्राइविंग कॉमन-सेंस ऑन्कोलॉजी- मल्टीडिसिप्लिनरी मैनेजमेंट ऑफ जीआई, जेनिटोयूरिनरी एंड लंग कैंसर" थीम पर कार्यक्रम हुआ। इसमें ई-कैंसर, टाटा मेमोरियल सेंटर और नेशनल कैंसर ग्रिड का सहयोग रहा।




### हेड एंड नेक कैंसर की लाइव सर्जरी की जानकारी

तीन दिवसीय आयोजन में 20 से अधिक विशेषज्ञ पैनल चर्चाएं हुईं। इनमें कार्ट-टी सेल अफेरेसिस, हेड एंड नेक कैंसर की लाइव सर्जरी, मिनी-अकॉर्ड रिसर्च वर्कशॉप, जीवन की अंतिम अवस्था में संवाद प्रशिक्षण और स्टेरियोटैक्टिक बॉडी रेडियोथेरेपी पर विशेष सत्र प्रमुख रहे। इस अवसर पर वीएमआरएफ की निदेशक ज्योति अग्रवाल ने कहा, कैंसर की रोकथाम ही सबसे सशक्त इलाज है। हमारा संकल्प है कि समुदाय को समय पर जांच, जानकारी और स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराकर भविष्य की पीढ़ियों के लिए स्वस्थ जीवन सुनिश्चित करें।

### जागरूकता और समय पर उपचार से कैंसर पर रोक

टाटा मेमोरियल हॉस्पिटल के डिप्टी डायरेक्टर डॉ. शैलेश श्रीखंडे ने कहा कि रोकथाम और बहुविषयक सहयोग कैंसर देखभाल का अभिन्न हिस्सा होना चाहिए। वहीं बीएमसी की चिकित्सा निदेशक डॉ. भावना सिरोही ने कैंसर मामलों में बढ़ोतरी को चिंता का विषय बताते हुए कहा कि जागरूकता और समय पर उपचार से कैंसर को रोका और किफायती तरीके से इलाज किया जा सकता है। सर्जिकल ऑन्कोलॉजिस्ट डॉ. दिवाकर पांडे ने स्थानीय शोध के महत्व पर जोर देते हुए कहा कि इससे सांस्कृतिक रूप से उपयुक्त और किफायती रोकथाम रणनीतियां विकसित होंगी। कैंसर कॉन्क्लेव ने बीएमसी की इस प्रतिबद्धता को और मजबूत किया कि मध्यभारत में एक व्यापक कैंसर इकोसिस्टम तैयार हो, जहां इलाज के साथ-साथ रोकथाम, जनजागरूकता और शिक्षा को भी प्राथमिकता मिले।



## सिटी स्पोर्ट्स

### छत्तीसगढ़ की पद्मा लेगी दक्षिण कोरिया में विशेष प्रशिक्षण



**रायपुर।** छत्तीसगढ़ की तीरंदाज पद्मा साहू फॉरेन एक्सपोजर के माध्यम से कोरिया के लिए चयनित हुई है। जिसमें पद्मा एक हफ्ते के लिए कोरिया में विश्व के सुपर कोरियन कोच किम से कोचिंग लेने के लिए रवाना हो रही है। प्रदेश आर्चरी एसोसिएशन से राष्ट्रीय उपाध्यक्ष कैलाश मुरारका ने बताया कि मुख्यमंत्री एवं प्रदेश तीरंदाजी संघ के अध्यक्ष विष्णुदेव साय के नेतृत्व में महासमुंद निवासी पद्मा साहू को यह असाधारण उपलब्धि मिली है। आर्चरी इंडिया के समस्त सदस्यों सहित प्रदेश आर्चरी के सभी पदाधिकारियों ने इस उपलब्धि पर खिलाड़ी सहित जिला संघ को बधाई दी है। जिला क्रीड़ा अधिकारी मनोज घृतलहरे ने भी विजेता खिलाड़ी को सभी सम्भव सहायता एवं उपकरण आदि प्रदान किये जाने हेतु आश्वस्त किया है। श्री मुरारका ने बताया कि 2 साल पहले सोनीपत हरियाणा में साईं के तीरंदाजी अकादमी में पद्मा का चयन हुआ था, उनके पास अंतर्राष्ट्रीय स्तर का उपकरण नहीं था, सोनीपत अकादमी में इनकी प्रतिभा को देखते हुए तुरंत उपकरण मुहैया कराया और दो साल में ही पद्मा अंतरराष्ट्रीय स्तर की श्रेणी में आ गई।

### राष्ट्रीय तीरंदाजी चैम्पियनशिप में हिस्सा लेने रवाना हुए नितीश



**रायपुर।** हॉली क्रॉस स्कूल की कक्षा दसवीं के छात्र नितीश रत्नेश सीबीएसई नेशनल गेम्स में तीरंदाजी चैम्पियनशिप हेतु पंजाब के संगरूर ज़िले के जी.सी.एम. कॉन्वेंट स्कूल के लिए रवाना हुए। यह प्रतियोगिता 20 से 27 सितम्बर तक आयोजित है। हॉली क्रॉस परिवार ने नितीश रत्नेश को शुभकामनाएँ प्रेषित की है।

### राष्ट्रीय किक बॉक्सिंग प्रतियोगिता में हिस्सा लेगी छत्तीसगढ़ टीम



**रायपुर।** वाको इंडिया किकबाक्सिंग फेडरेशन के मार्गदर्शन में हिमाचल प्रदेश के सोलन में 22 से 26 सितंबर तक जूनियर (बालक बालिका) वर्ग की राष्ट्रीय प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। उक्त प्रतियोगिता में देश के सभी राज्यों से लगभग 700 से अधिक खिलाड़ी हिस्सा लेंगे। छत्तीसगढ़ एसोसिएशन के अध्यक्ष छगन मुंदड़ा, कार्यकारी अध्यक्ष तारकेश मिश्रा एवं महासचिव आकाश गुरुदीवान ने बताया कि स्पर्धा में शामिल होने वाले राज्य के जूनियर वर्ग के खिलाड़ियों का चयन कोरबा में आयोजित राज्य स्तरीय एवं गत उत्कृष्ट प्रदर्शन के आधार पर किया गया है। प्रतियोगिता में सभी विधाओं पाइंट फाइटिंग, लाइट कांटेक्ट, किक लाइट, फूल कांटेक्ट, लोकिक, के-वन, म्यूजिकल फार्म्स एवं क्रिएटिव फार्म्स की स्पर्धाओं में राज्य के 33 बालक बालिका खिलाड़ी विभिन्न वजन वर्गो में भाग लेंगे। उन्होंने बताया कि राज्य की टीम में रायपुर, बिलासपुर, कोरबा, सरगुजा, धमतरी मुंगेली, रायगढ़ सहित विभिन्न जिलों के 33 खिलाड़ी महासचिव आकाश गुरुदिवान, ऑफिशियल प्रभात साहू, लोकिता चौहान, सरवर एक्का, अमन सोनी, सूरज साहू और वरुण बाग के साथ हिस्सा ले रहे।

इनके साथ रायगढ़ अंश बंछोर, क्रिश कुमार, अभिषेक सोनी, वंशिका सिंह. कोरबा आस्था गुप्ता, सिद्धि सिंह सोनवानी, रजत गोयल, अमीन खान, सुयश नामदेव, मयंक सिंह. बलौदा बाजार हरीश दुबे, सागर तुरकर. बिलासपुर कान्हा गुप्ता प्वाइंट फाइट —89 किलोग्राम भार वर्ग में, ऋतिका साहू के 1—48 किलोग्राम भार वर्ग में मोनिका साहू, के 1 —48 किलोग्राम भार वर्ग में, हरिओम प्रसाद लोहार म्यूजिकल फॉर्म में, हरिओम बुनकर किकलाइट 51 किलोग्राम भार वर्ग में. रायपुर नैन्सी महिलांगे, सुरभि ताम्रकार, सुमन साहू, भाविक गोयल, अन्सार अली, यशवंत कुर्रे, गुरुवेन्द्र साहू, तनमय सिंह पोयाम, एम. डी. असीम खान, सनिध्य चौबे. धमतरी खुशबु ध्रुव, नम्रता साहू, संगीता सिंह, शौर्य वर्धन सिंह, आयुष सारथी और मुंगेली सोमू सोनकर भी टीम में शामिल है।

### दिल से जुड़ी बीमारियों की बढ़ोत्तरी ने चिंता बढ़ाई डॉक्टरों की

# इन बीमारियों से पीड़ित लोगों को हृदय रोगों का खतरा अधिक, समय रहते सतर्क होना आज की पहली जरूरत

हृदय स्वास्थ्य का ध्यान रखना सभी लोगों के लिए महत्वपूर्ण है, यह शरीर के सबसे महत्वपूर्ण अंगों में से एक है जो ऑक्सीजन युक्त रक्त को बाकी हिस्सों में पंप करता है जिससे कोशिकाएं स्वस्थ रहती हैं। हालांकि पिछले कुछ वर्षों में लाइफस्टाइल और आहार में गड़बड़ी जैसे जोखिम कारकों के चलते इस सबसे महत्वपूर्ण अंग पर कई प्रकार से नकारात्मक असर देखा जा रहा है। हृदय रोग विशेषज्ञ कहते हैं, जिस तरह से पिछले कुछ वर्षों में हार्ट डिजीज के मामलों में बढ़ोतरी आई है, ऐसे में आवश्यक हो जाता है कि हम सभी अपनी जीवनशैली में समय रहते स्वस्थ बदलाव करें।

दुनियाभर में बढ़ते हृदय रोग के जोखिमों को लेकर लोगों को सचेत करने और इससे बचाव के लिए जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से हर साल 29 सितंबर को विश्व हृदय दिवस मनाया जाता है। स्वास्थ्य विशेषज्ञ कहते हैं, हृदय स्वास्थ्य के कई जोखिम कारक तो हैं ही, साथ ही कुछ बीमारियों के कारण भी समय के साथ आपमें इस रोग के विकसित होने का जोखिम हो सकता है।



#### कोरोना संक्रमित रहे हैं तो हो जाइए सावधान

पिछले तीन साल से अधिक समय से वैश्विक स्तर पर कोरोना महामारी का जोखिम बना हुआ है, कुछ नए वैरिएंट्स के कारण बीते दिनों यूके-यूएस में फिर से संक्रमण का जोखिम बढ़ता देखा गया है। अध्ययनकर्ताओं की टीम ने बताया कि कोरोनावायरस के संक्रमण की स्थिति हृदय की सेहत को प्रभावित करने वाली पाई गई है। संक्रमितों में इसका जोखिम अधिक देखा जाता रहा है।

कोरोना संक्रमितों में ब्लड क्लॉटिंग, हार्ट अटैक का खतरा भी अधिक रिपोर्ट किया जाता रहा है। स्वास्थ्य विशेषज्ञ कहते हैं, जो लोग संक्रमण के शिकार रहे हैं उन्हें एहतियातन हृदय की जांच करा लेनी चाहिए।

#### हाई ब्लड प्रेशर की बीमारी

उच्च रक्तचाप आपकी धमनियों में लोच की कमी को कम करके उन्हें सख्त बना देती है, जिससे उन्हें नुकसान पहुंच सकता है। इस स्थिति में हृदय में रक्त और ऑक्सीजन का प्रवाह भी कम हो जाता है जिसे हृदय रोगों के प्रमुख कारक के तौर पर जाना जाता है। हाई ब्लड प्रेशर की अनियंत्रित स्थिति हार्ट अटैक और कार्डियक अरेस्ट का भी खतरा बढ़ाने वाली मानी जाती है, जिससे बचाव के उपाय करते रहना बहुत आवश्यक है।

#### डायबिटीज के कारण जोखिम

मधुमेह की स्थिति जिसमें ग्लूकोज का स्तर काफी बढ़ जाता है, ये आपकी रक्त वाहिकाओं और इससे संबंधित नसों को नुकसान पहुंचा सकती है। समय के साथ, यह क्षति हृदय रोग का कारण बनने लगती है। मधुमेह से पीड़ित लोगों में, अन्य लोगों की तुलना में हार्ट डिजीज विकसित होने का खतरा दो गुना अधिक हो सकता है, यही कारण है कि इससे बचाव के लिए ब्लड प्रेशर और शुगर लेवल दोनों को कंट्रोल में रखने की सलाह दी जाती है।

#### मोटापा बड़ा खतरा

अगर आपका वजन अधिक है तो यह शारीरिक स्वास्थ्य को गंभीर रूप से प्रभावित करने वाली स्थिति हो सकती है। मोटापे के कारण हृदय रोगों का भी खतरा काफी बढ़ जाता है। स्वास्थ्य विशेषज्ञों की टीम ने पाया कि वजन को कंट्रोल करके इस तरह के स्वास्थ्य जोखिमों को कम किया जा सकता है। मोटापा, कई और क्रोनिक बीमारियों के लिए जोखिम कारक है इसे कंट्रोल में रखना बहुत आवश्यक है।





## घुटनों के दर्द से छुटकारा पाने करें इन योगासनों का अभ्यास

वैसे तो उम्र बढ़ने के साथ जोड़ों और घुटनों का दर्द होने लगता है। लेकिन सर्दियों में घुटने और जोड़ों में दर्द की समस्या बढ़ जाती है। इसका एक कारण शारीरिक तौर पर सक्रिय न होना है। इसके अलावा अधिक तैलीय खाद्य पदार्थों का सेवन भी सर्दी में घुटने की दर्द की शिकायत बढ़ा देता है। दर्द से राहत पाने के लिए मांसपेशियों में मजबूती लानी चाहिए। इसके लिए योगासन का अभ्यास असरदार है। योग करने से पैरों का रक्त संचार बेहतर होता है और घुटनों के दर्द से राहत मिलती है। रोजाना योग करें ताकि घुटने मजबूत हों और पैरों में होने वाले असंतुलन को कम किया जा सके। घुटनों और जोड़ो के दर्द से निजात पाने के लिए कुछ योगासन का नियमित अभ्यास पैर, टखने, जांघ और घुटनों को मजबूत बनाएगा।

#### त्रिकोणासन

इस योगासन के अभ्यास से मांसपेशियों का दर्द कम होता है। त्रिकोणासन करने के लिए सीधे खड़े हो जाएं। अब पैरों के बीच करीब दो फीट की दूरी रखें और लंबी गहरी सांस लेते हुए शरीर को दाईं ओर झुकाएं। फिर बाएं हाथ को ऊपर की ओर ले जाएं। अपनी नजरें भी बाएं हाथ की उंगलियों पर टिकाएं। कुछ देर इस मुद्रा में रहे और फिर सामान्य अवस्था में आ जाएं। अब दूसरी ओर से ये प्रक्रिया अपनाएं।

#### मलासन



मलासन का अभ्यास करने के लिए सीधे खड़े होकर दोनों पैरों के बीच थोड़ी दूरी रखें। अब हाथों को प्रार्थना की मुद्रा में ले आएं और धीरे से नीचे बैठें। सांस छोड़ते हुए आगे की ओर झुकें। दोनों कोहनियों को जांघों के बीच 90 डिग्री के एंगल में ले जाएं और सामान्य तरीके से सांस लें। फिर सामान्य अवस्था में सीधे खड़े हो जाएं।

#### पर्श्वोत्तनासन

इस योग को पिरामिड पोज कहा जाता है। पर्श्वोत्तनासन का अभ्यास करने के लिए दाहिने पैर को आगे बढ़ाकर 45 डिग्री एंगल बना ले। अब आगे की ओर झुकते हुए हाथो को नीचे जमीन पर सटा लें। घुटनों को मोड़े नहीं। इस अवस्था में कुछ देर रहने के बाद सामान्य अवस्था में आ जाएं।

## करेला खाते वक्त अब नहीं सिकोडेंगे नाक-मुंह, बस सब्जी बनाने से पहले कर लें ये काम

करेला एक ऐसी सब्जी है जिससे सेहत को ढ़ेरो लाभ मिलते हैं। लेकिन करेले का नाम सुनते ही मुंह नाक सिकोड़ने लगते हैं। वजह करेले का कड़वापन। इस कड़वेपन के चलते कई लोग इससे लाभ नहीं उठा पाते हैं। करेला डायबिटीज, बीपी सहित कई बीमारियों का काट है। ये एक तरह का नेचुरल ब्लड प्यूरिफायर भी है। ऐसे में अगर आप इसका ज्यादा से ज्यादा लाभ उठाना चाहते हैं तो ये कुछ हैक्स अपना कर करेले से उसकी कड़वाहट निकाल सकती हैं।

करेले का कड़वापन हटाने के लिए आप सबसे पहले करेले को काट कर एक साफ बर्तन में रख लें।



अब करेले पर बहुत सारा नमक छिड़क दें और इसके पानी छोड़ने का इंतेजार करें। 15 से 20 मिनट के बाद करेले से निकलने वाले पानी को निकाल कर फेक दें। इससे इसका कड़वापन काफी हद तक दूर हो सकता है।

#### चीनी वाले पानी से दूर करें कड़वापन

करेले का कड़वापन दूर करने के लिए शहद या चीनी वाले पानी में करेले को डिप कर के छोड़ दें। ऐसा करने से करेले का कड़वापन कम हो सकता है।

#### दही में करेले को डिप करें

करेले से कड़वापन हटाने का एक और तरीका ये भी है कि आप पकाने से पहले इसे दही (बाजार जैसी दही कैसे जमाएं) में कुछ देर के लिए डिप करके रख दें। कुछ देर बाद करेले को निकालकर अच्छी तरह से पानी से साफ कर लें और फिर सब्जी बनाएं।

रायपुर बाजार
Contact For Advertisement
79871 19756
90981 38778

क्लीन किचन
AC, Non-AC रूम उपलब्ध 24X7
: कॉल करें :
बॉयज़ एवं गर्ल्स पी.जी.
प्योर वेज थाली (पार्सल)
110/-,160/-, 210/-
पार्सल हेतु संपर्क करें :
रायपुर हॉस्टल
सर्वसुविधायुक्त, शुद्ध शाकाहारी भोजन व नाश्ता
किटी पार्टी, बर्थ डे पार्टी के लिए उपयुक्त
स्टूडेंट्स हेतु मासिक भोजन पर 10%
4 थाली पर 1 थाली FREE (पार्सल)
शुगर फ्री थाली
LOW CALORY
आलू, प्याज, लहसून रहित पौष्टिक एवं शुद्धतापूर्ण हाईजेनिक
पेंशनबाड़ा, पुलिस पब्लिक स्कूल के सामने, रायपुर
88780 00127, 79998 44943

नये जमाने की जरूरत aura astrology
www.astrologywithaura.com
कुण्डली- स्वास्थ्य- चक्र -औरा में एक साथ सुधार
50 सालों में बहुत कुछ बदल गया... नये फार्मूले की जरूरत
रंगों का जीवन में महत्व, जन्म का सही समय नहीं, मिट्टी से संपर्क नहीं, मिलावटी गहने, रत्नों पर सावधानी
राजेश श्रीवास्तव, 11 ए, रवि नगर, पंडरी, रायपुर (छग) 98267 09504, 76929 51173

पैसा चाहिए? हमारे पास आइए
(केवल बिजनेस लोन) एजेंट आमंत्रित
न्यूनतम कागजी कार्यवाही
5 हजार से 5 लाख तक बिजनेस लोन
आज लोन लीजिए 100 किश्तों में पटाइये
मोटवानी फायनेंस 93404-44755
गली नं. 03, सिंधी कॉलोनी, तेलीबांधा, रायपुर

पटेल बोरवेल्स
मोटर वाइंडिंग किया जाता है
Kirloskar TEXMO C.R.I. PUMPS
रिंग रोड नं. -1 संतोषी नगर चौक, बोरिया रोड रायपुर (छ.ग.)
9200003357 ★ 7999898750

| जेकार्ड 4x6, 15 किलो 750/- | चेक कपड़ा 4x6, 15 किलो 650/- | चेक कपड़ा 4x6, 12 किलो 600/- |
|---|---|---|
| जेकार्ड कपड़ा 3x6, 12 किलो 700/- | सादा गद्दा 3x6 200/- | सादा गद्दा 3x6, 8 किलो 450/- |
| जेकार्ड कपड़ा 72x75, 30 किलो 3500/- सफेद रुई | जेकार्ड कपड़ा 72x75, 30 किलो 2200/- रंगीन रुई | फाईबर गद्दा डबल सिंगल तैयार |

3x6=350, 4x6=500
टेंट हाउस गद्दा, चैन कवर लगा हुआ
संजय रुई भंडार निरंकारी फर्नीचर के पीछे कांच घर गोडाउन के पास, पंडरी रायपुर 9827976266, 7987918262

शोधग्रंथ- "छत्तीसगढ़ के प्राचीन किलों की स्थापत्य कला"
माननीय विष्णुदेव साय मुख्यमंत्री के निर्देशानुसार छ.ग. शासन के उच्च शिक्षा संचालनालय के पत्र कं. 1889 नया रायपुर दि. 4.8.2025 के अनुसार छत्तीसगढ़ के समस्त शासकीय महाविद्यालय के प्राचार्यो को महाविद्यालयीन ग्रंथालय हेतु उक्त शोधग्रंथ को उपयोगितानुसार कय किया जाने का आदेश जारी किया गया है। प्राप्ति स्थल–सेन्ट्रल बुक हाउस, पुस्तक प्रतिष्ठान सदर बाजार रायपुर आदि पुस्तक दुकानों में उपलब्ध है, पृष्ठ संख्या 420, मुल्य 700 रू.। महाविद्यालयों के ग्रंथालयों हेतु 25% छुट के लिए सम्पर्क करे – डॉ.टी.आर.रामटेके, संजय नगर, मुख्य मार्ग, रायपुर (छ.ग.), मो.8349362428।

WHERE EVERY RIDE IS A JOYRIDE
DYNAMO Electric Vehicle
Offer Price 45000/-*
0% Down Payment
2 Year Warranty
आज ही ले फ्री-टेस्ट ड्राइव
कोई भी पुरानी गाड़ी लाएं और DYNAMO ले जाएं।
फाइनेंस सुविधा उपलब्ध | बढ़ती कीमतों से फायदा
CHAWLA ELECTRIC जी.ई. रोड तेलीबांधा रायपुर, मो. 87708 96699, 99079 60900

शोधग्रंथ- "छत्तीसगढ़ के प्राचीन किलों की स्थापत्य कला"
शोधलेखक डॉ.टी.आर.रामटेके। (पीएच.डी. उपाधि हेतु इंदिरा कला संगीत विश्वविद्यालय खैरागढ़ छ.ग. से स्वीकृत शोधप्रबंध)। जिसमें छत्तीसगढ़ के किले, पुरातात्विक स्मारकों की स्थापत्य कला तथा छत्तीसगढ़ के प्राचीन काल से कलचुरी काल (ई.1750) तक का राजनीतिक इतिहास को लगभग 150 रेखाचित्र एवं 450 रंगीन छायाचित्र के माध्यम से विश्लेषण किया गया है। जिसे राज्य के महाविद्यालयों के छात्र–छात्राओं को समझना आवश्यक है, जो सीजीपीएससी की प्रतियोगी परीक्षाओं हेतु उपयोगी है।

HORIZON OF STARS & PLANETS (ASTRO NUMERO TAROT)
आपकी परेशानियाँ- पैसा, प्रोपर्टी, शादी, नौकरी, स्वास्थ्य, पारिवारिक समस्या, नकारात्मक्ता जैसी सभी परेशानियों का समाधान- कुंडली, अंक ज्योतिष एवं टैरो द्वारा किया जाएगा।
JAYTE B. TAAUNK Dubey Colony Mowa, Raipur 7354987700, 8349299252

Direct from factory
Offer 35% less
Call for more details
Interio's World of Interiors & Modular Kitchen
Modular Kitchen & Furnitures
Add: RamNagar, Raipur
Mo.: 9131033787, 7071873333